


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 227

ग्वालियर, शनिवार 07 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## आज दुनिया भारत की तरफ बड़े भरोसे से देख रही : पीएम मोदी

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक शांति हो या समृद्धि या फिर वैश्विक चुनौतियों से जुड़े समाधान आज दुनिया भारत की तरफ बड़े भरोसे से देख रही है और भारत भी वैश्विक कल्याण के एक बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन के 'जीतो कनेक्ट 2022' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर यह बात कही।



वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को रेखांकित कर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के 75 साल का जश्न मनाने के बीच भारतीयों को विदेशी वस्तुओं का गुलाम नहीं बनना चाहिए। तीन यूरोपीय देशों की अपनी तीन दिवसीय यात्रा का उल्लेख कर मोदी ने कहा कि उन्होंने इस दौरान भारत के सामर्थ्य, संकल्पों तथा अवसरों के संबंध में काफी लोगों से चर्चा की। उन्होंने कहा, 'जिस तरह की आशा और विश्वास आज भारत के प्रति खुलकर सामने आ रहा है, ये आप सब भी अनुभव करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के विकास के संकल्पों को दुनिया अपने लक्ष्यों की प्राप्ति का माध्यम मान रही है। उन्होंने कहा, 'वैश्विक शांति या वैश्विक समृद्धि, वैश्विक चुनौतियों से जुड़े समाधान हों या फिर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का सशक्तीकरण हो, दुनिया भारत की तरफ बड़े भरोसे से देख रही है। विशेषज्ञता का क्षेत्र हो या फिर चिंता वाले, चाहे जो भी हों, विचारों में चाहे जितनी भी भिन्नता हो लेकिन नए भारत का उदय सभी को जोड़ता है।

# विधि विधान के साथ खुले केदारनाथ धाम के कपाट

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के साक्षी बने

देहरादून।

केदारनाथ धाम के कपाट आज बाबा केदारनाथ की जय उद्घोष के साथ शुक्रवार वृष लग्न में प्रातः 6 बजकर 25 मिनट पर खुल गये हैं। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से नौ क्विंटल फूलों से सजाया गया था। सेना की मराठा रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ देश-विदेश से आये 10 हजार से अधिक श्रद्धालुजन कपाट खुलने के गवाह बने। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के साक्षी बने। यहां आज प्रात साढ़े चार बजे से श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने कपाटोद्घाटन की तैयारी शुरू कर दी थी। श्री केदारनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के



अध्यक्ष अजेंद्र अजय सहित धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, केदारनाथ धाम के पुजारी टी गंगाधर लिंग, आयुक्त गढवाल सुशील कुमार, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सहित मंदिर समिति मुख्य कार्याधिकारी बीडी सिंह, वेदपाठी आचार्यगणों ने मंदिर के पूरब द्वार से मंदिर के सभामंडप में प्रवेश किया। इस अवसर पर पांच बजे से मंदिर के गर्भगृह के द्वार का पूजन शुरू हुआ। श्री केदारनाथ धाम के रक्षक क्षेत्रपाल श्री भकुंट भैरव के आह्वान के साथ ठीक प्रातः 6 बजकर 25 मिनट पर केदारनाथ धाम के मुख्य द्वार के कपाट खोल दिये गये। कपाट खुलते ही श्री केदारनाथ भगवान के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से जागृत किया। कुछ ही पल बाद बाबा के निर्वाण दर्शन हुए कुछ अंतराल में बाबा का श्रृंगार दर्शन शुरू हुए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहला रूद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर मंदिर को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया तथा समस्त केदारनाथ धाम में मराठा रेजीमेन्ट के बैंड की भक्तिमय धुनों से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। दानीदाताओं ने भंडारे आयोजित किये हेली सेवा एवं पैदल मार्ग से श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला जारी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित पर्यटन धर्मस्व संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर देश-विदेश के तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि श्री केदारनाथ भगवान की कृपा जनमानस पर बनी रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस अवसर पर विशेष रूप से केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे है।

## एलआईसी आईपीओ में बोली लगाने वाले रिटेल निवेशकों की मदद के लिए रविवार को खुलेंगे बैंक

**मुंबई।** एलआईसी का आईपीओ बुधवार को लांच हो गया था। इस 9 मई तक सब?सक्राइब किया जा सकता है। एलआईसी आईपीओ में बोली लगाने वाले रिटेल निवेशकों की मदद के लिए सभी एएसबीए- डेजिग्नेटेड बैंक रविवार को भी खुलने वाले हैं। मोदी सरकार के अनुरोध पर भारतीय रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। गौर करने वाली बात है कि किसी बैंक की सभी शाखाएं एएसबीए डेजिग्नेटेड नहीं होती हैं। एएसबीए ऐसी सुविधा है, जिसमें आईपीओ के लिए एप्लीकेशन देने वाले की रकम उसके खाते में ही ब्लॉक रहती है और पैसे तभी निकाले जाते हैं जब शेयर अलॉट होते हैं। शेयर न मिलने की स्थिति में आवेदक के पैसे तुरंत खाते में रिफंड हो जाते हैं। आरबीआई के फैसले के बाद, जिन बैंकों के द्वारा एलआईसी एप्लिकेशन का प्रोसेस किया जाना है, वे सभी रविवार को भी खुलने वाले हैं। सेबी के अनुसार, फिलहाल 62 बैंक एएसबीए सेवाएं दे रहे हैं। जिन बैंकों की चुनिंदा शाखाओं में रविवार को कामकाज होगा, उनमें अहमदाबाद मर्केंटाइल, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, सिंडिकेट बैंक, यूको बैंक, यस बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं।

## खून के थक्के जमने की शिकायत के बाद अमेरिका में 'जॉनसन एंड जॉनसन' का कोविडरोधी टीका बैन

**वॉशिंगटन।** कोविड के घातक वायरस से बचाव के लिए अमेरिका के दवा नियामक ने खून के थक्के जमने के गंभीर जोखिम के मद्देनजर जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) के कोविड-19 रोधी टीके के इस्तेमाल को लेकर कुछ प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कहा है कि अब इस टीके की खुराक केवल उन वयस्कों को दी जा सकेगी, जो कोई अन्य




वैक्सीन नहीं ले सकते या फिर खासतौर पर 'जेएंडजे' का टीका लगवाने का अनुरोध करते हैं। अमेरिकी अधिकारी कई महीनों से सिफारिश कर रहे हैं कि अमेरिका के लोग 'जेएंडजे' टीके के बजाय 'फाइजर' या 'मॉडर्ना' की वैक्सीन ही लगवाएं। एफडीए के टीके से जुड़े मामलों के प्रमुख डॉ. पीटर मार्क्स ने बताया कि एजेंसी खून के थक्के जमने के जोखिम से संबंधित आंकड़ों पर एक बार फिर गौर करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि 'जेएंडजे' की वैक्सीन का इस्तेमाल सीमित किया जाना चाहिए। मार्क्स के मुताबिक, कोविड-19 से निपटने के लिए कई अन्य विकल्प मौजूद हैं, जो उतने ही प्रभावशाली हैं और लोगों को इनकी तरफ रुख करना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीका लगवाने के शुरुआती दो हफ्तों में खून के थक्के जमने की शिकायत उत्पन्न हो सकती है, ऐसे में अगर आपने छह महीने पहले टीका लगवाया था तो आपके लिए चिंता की कोई बात नहीं है। एफडीए ने फरवरी 2021 में 18 साल और उससे अधिक उम्र के वयस्कों में 'जेएंडजे' के कोविड-19 रोधी टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। शुरुआत में इस टीके को वैश्विक महामारी से निपटने के एक महत्वपूर्ण हथियार के रूप में देखा जा रहा था।

## भारी सामान का 5,000 रुपये तक का बीमा, क्लॉकरूम में सुरक्षित रखे सामान

### स्टार्टअप कंपनी लग्स्टो दे रही सुविधा

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की पाबंदियों में ढील के बाद बड़ी संख्या में लोग बाहर निकल रहे हैं। ट्रेनों और बसों की आवाजाही भी काफी हद तक सामान्य हो गई है। इसके बाद रेलवे और बस स्टेशनों पर क्लॉकरूम की अहमियत भी बढ़ गई है। स्टार्टअप कंपनी लग्स्टो लोगों को किफायती और सुविधाजनक लगेज



स्टोरेज सुविधा दे रही है। कंपनी के पास 48 स्थानों पर 200 से अधिक स्टोर्स उपलब्ध हैं। लग्स्टो रक्षा कर्मियों सहित हजारों यात्रियों को क्लॉकरूम सेवाएं देती है और कंपनी ने हाल में अपनी सेवा का विस्तार किया है। कंपनी ने दिल्ली में कश्मीरी गेट के पास नई क्लॉकरूम सेवा उपलब्ध कराई है। कश्मीरी गेट दिल्ली का एक प्रमुख आवागमन क्षेत्र है। सेना के जवानों को ट्रांसफर-पोस्टिंग, कोर्स या छुट्टी के लिए दिल्ली से होकर जाना पड़ता है। इसकारण कश्मीरी गेट स्थित लग्स्टो की क्लॉकरूम सुविधा एक तरह से उनके लिए वरदान है। यह सुविधा 510 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैली है। इसमें 30 प्रतिशत सेना के जवानों के लिए आरक्षित है और यह चौबीसों घंटे काम करता है। लग्स्टो देश के कई स्थानों पर कम अवधि के लिए किफायती और सुरक्षित क्लॉकरूम की सुविधाएं प्रदान करता है। यात्री अपने सामान के लिए क्लॉकरूम लग्स्टो के ऑनलाइन या मोबाइल एप से बुक कर सकते हैं।

## मृतक भाजपा कार्यकर्ता के घर पहुंचे शाह, बंगाल में राजनीतिक हत्या चरम पर



### भाजपा सीबीआई जांच की मांग करती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ता अर्जुन चौरसिया की एक लाश मिली। भाजपा इस राजनीतिक हत्या बता रही है। इस बीच शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह बंगाल दौरे के दौरान मृतक कार्यकर्ता चौरसिया के घर पहुंचे थे। इस दौरान शाह ने कहा कि आज भाजपा के कार्यकर्ता अर्जुन चौरसिया की राजनीतिक रुप से हत्या कर दी गई। उनके परिवार का कहना है कि उनकी जघन्य रूप से हत्या हुई है। कल ही टीएमसी को एक साल हुआ है और उसके दूसरे दिन ही राजनीतिक हिंसा और हत्या की परंपरा को फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय भी इस घटना का गंभीरता से संज्ञान में ले रहा है और आज ही गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट तलब की है। शाह ने कहा कि पूरे बंगाल में राजनीतिक हिंसा, प्रतिशोध में हत्याएं और विरोधी राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं को चुन-चुन कर निशाना बनाने के अनेक उदाहरण हमारे पास आए हैं। भाजपा अर्जुन की हत्या की घोर निंदा करती है और हम अदालत से हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा मिले यह सुनिश्चत करने वाले हैं। शाह ने कहा कि मैं पीड़ित परिवार से मिला, उसकी दादी को भी पीटा गया है। भाजपा इस घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है। उत्तर कोलकाता के भाजपा अध्यक्ष कल्याण चौबे का दावा है कि भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष, सक्रिय कार्यकर्ता की बॉडी आज सुबह लटकी हुई मिली है। बता दें कि बंगाल में हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिर हिंसा में निशाने पर भाजपा कार्यकर्ता ही हैं। उत्तरी कोलकाता के रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है।

## पटियाला में हुई हिंसक घटना के पीछे भाजपा का हाथ, एसआईटी करेगी जांच : आप

**नई दिल्ली।** पटियाला में हुई हिंसक घटना को लेकर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि पंजाब के पटियाला जिले में दो समूहों के बीच हुई झड़प के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हाथ है। सत्ताधारी दल ने दावा किया कि भगवंत मान सरकार द्वारा गठित (एसआईटी) जल्द ही इस सिलसिले में एक बड़ा खुलासा करेगी। आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पटियाला हिंसा में भाजपा और उसके नेताओं की भूमिका के सबूत सामने आने लगे हैं और एसआईटी उन सभी चीजों की जांच कर रही है। भारद्वाज ने कहा, कुछ समय पहले हमने कहा था कि कैसे भाजपा रामनवमी से लेकर हनुमान जयंती तक विभिन्न राज्यों में हुए दंगों में सक्रिय भूमिका निभाकर देश का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है।

## खास खबर

### 1971 के युद्ध ने दिखाई राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धताः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 1971 का युद्ध न केवल सशस्त्र बलों के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी सरकार के दृष्टिकोण का बेहतरीन उदाहरण है। नई दिल्ली में पीसी लाल मेमोरियल लेक्चर में अपने संबोधन के दौरान सिंह ने कहा कि 1971 का युद्ध न केवल सशस्त्र बलों के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी पूरे सरकार के दृष्टिकोण का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के एकीकरण की चल रही प्रक्रिया का उद्देश्य न केवल हमारी संयुक्त क्षमता बल्कि हमारी दक्षता को भी आगे बढ़ाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी गुरुवार को पीसी लाल मेमोरियल लेक्चर में शामिल हुए थे। रक्षा मंत्री ने इस दौरान कहा कि यह हमेशा जरूरी नहीं है कि अधिक महंगे हथियार प्रणालियों को खरीदा जाए। यह हथियार प्रणालियों के दक्षतापूर्ण इस्तेमाल की बात है जो हमें युद्ध में बढ़त देता है। सिंह ने इसी के साथ भारतीय वायु सेना को एक एयरोस्पेस बल बनने और देश को उभरते खतरों से बचाने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पिछले अनुभवों ने हमें सिखाया है कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए आयात पर निर्भर नहीं हो सकता है। आत्मनिर्भरता कहना आसान है, लेकिन उसपर चलना आसान नहीं है। शुरुआत में देश में निर्माण हमें किफायती नहीं होगा लेकिन आगे चलकर इसके बेहतर परिणाम आएंगे।

### ज्यादातर रूसी बलों ने मारियुपोल छोड़ा : पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल के इर्द-गिर्द मौजूद ज्यादातर रूसी बल क्षेत्र छोड़कर उत्तर की तरफ बढ़ गए हैं। पेंटागन ने दावा किया कि मारियुपोल और उसके आसपास अब दो सामरिक टुकड़ियों के बराबर या लगभग 2,000 रूसी सैनिक ही रह गए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने गुरुवार को बताया कि मारियुपोल पर रूस के हवाई हमले अब भी जारी हैं, लेकिन रूसी बलों को क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है और मुख्य लड़ाई पूर्वी डोनबास इलाके में केंद्रित है। किर्बी ने कहा कि नौ मई का दिन करीब आने के बावजूद उन्हें रूस की कार्रवाई और गति में कोई अंतर नजर नहीं आया है। रूस नौ मई यानी द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर तत्कालीन सोविय संघ की जीत की तारीख को विजय दिवस के रूप में मनाता है। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नौ मई को लाल चौक पर पारंपरिक सैन्य परेड में अपने संबोधन से पहले यूक्रेन में कोई बड़ी कामयाबी दर्ज करना चाहते हैं। किर्बी ने बताया कि अमेरिका का अब भी यही आकलन है कि रूसी सेना निर्धारित लक्ष्य से पीछे है और डोनबास में अपनी उम्मीद के हिसाब से प्रगति नहीं कर पा रही है।

### इजरायल को लेकर रूसी विदेश मंत्री के बयान पर पुतिन ने मांगी माफी

**मॉस्को।** यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा यहूदियों को लेकर अपमानजनक बयान देने के बाद इजरायल और रूस के बीच संबंध बिगड़ रहे थे। हालांकि अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इजरायली पीएम नफ्ताली बेनेट से मामले को लेकर माफी मांगी है। बता दें कि लावरोव ने जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ हिटलर को लेकर कहा था कि उसके अंदर यहूदी खून था। रूस के इसी बयान से इजरायल भड़क गया था।

## एजल में हार्न नहीं बजाने के रिवाज अच्छा, अन्य राज्यों में होनी चाहिए इसकी नकल : कोविंद

**एजल।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मिजोरम के दौरे के दौरान, एजल में हॉर्न नहीं बजाने की संस्कृति की प्रशंसा की और अन्य शहरों से भी इसका पालन करने का आग्रह किया। मिजोरम विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि देश में साक्षरता की दर में दूसरे स्थान पर रहने वाला राज्य मिजोरम सही मायनों में उपलब्धियों की नई ऊंचाई छूने को तैयार है। उन्होंने कहा मुझे बताया गया कि यातायात अधिक होने के बावजूद एजल के लोग हॉर्न बजाने से बचते हैं। यह आदत सराहनीय है और इसे अन्य शहरों में भी अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हमें ऐसी आदतें अपनानी चाहिए जो हमारे और प्रकृति दोनों के लिए फायदेमंद हों। मिजोरम को प्राकृतिक संसाधनों, प्राणियों तथा पौधों की विविध प्रजातियों का गढ़ बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य की समृद्ध जैव-विविधता अनुसंधान और




विकास के विस्तृत अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में स्थित मिजोरम रणनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण स्थान पर है और ऐसे में यहां व्यापार के विकास की अपार संभावनाएं हैं। कोविंद ने कहा, हालांकि यह (मिजोरम) सभी ओर से जमीन से घिरा हुआ है और समुद्र तक इसकी पहुंच नहीं है। मिजोरम में व्यापार के विकास की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि पश्चिम में बांग्लादेश और पूर्व में यह म्यांमार के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ा हुआ है, इसके अलावा भारत के तीन राज्यों असम, मणिपुर और त्रिपुरा की सीमाएं भी राज्य से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार 'हाट' (बाजार) विकसित करने के लिए हाल ही में भारत और बांग्लादेश ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, इससे व्यापार और संपर्क दोनों बढ़ेगा। उन्होंने इंगित किया कि फिलहाल जारी कलादान बहु मॉडल ट्रांजिट परिवहन परियोजना (केएमएमटीटीपी) पूर्वोत्तर राज्यों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## राजस्थान में भी बुलडोजर ले आइए, अपने आप रुक जाएंगे अपराध : कंगना रनौत

**जयपुर।** बुल्डोजर, भाजपा, क्राइम, यह कुछ ऐसे शब्द हैं, जो इन दिनों देश में हर कहीं सुनाई दे रहे हैं। बॉलीवुड स्टार्स भी इनसे अछूते नहीं हैं और वे भी बुल्डोजर राजस्थान में लाने की बात कर रहे हैं। ऐसा ही इशारा बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने जयपुर के राजमंदिर में अपनी फिल्म धाकड़ के प्रमोशन और गाना लॉन्च के दौरान किया। उन्होंने पॉलिटिक्स में आने के सवाल पर कहा मुझे नहीं पता, अभी तो मेरा ऐसा कोई प्लान नहीं है। मेरे पास बहुत अच्छे प्रोजेक्ट हैं, उन्हें ही पूरा करने में लगी हूं।



उन्होंने कहा कि अब मुझे अच्छे रोल मिल रहे हैं। अच्छा टाइम आया है। हालांकि राजनेता की बायोपिक की है और मुझे अंदाजा हो गया है कि वह भी एक करियर है। उसके दांव-पेंच और बारीकियां सीखी हैं। वह एक अलग स्ट्रगल है। एक अलग करियर हो सकता है। कंगना रनौत ने कहा कि पहले मैं फिल्मों में कुछ अलग करना चाहती हूं। उनके साथ एक्टर अर्जुन रामपाल भी मौजूद थे। कंगना ने पॉलिटिक्स पर खूब बात की और क्राइम मिटाने पर कहा ऐसी गवर्नमेंट राजस्थान में भी लाओ, जो क्राइम मिटाए। उन्होंने देश में चल रहे बुल्डोजर पर बात की और कहा कि बुल्डोजर ले आएं तो सब ठीक हो जाएगा। उन्होंने साफ तो कुछ नहीं कहा, लेकिन घुमा-फिरा कर भाजपा, मोदी और योगी की ओर इशारा जरूर किया। कंगना रनौत ने ट्विटर पर विवादित बयान लिखने पर कहा मेरी बातें नेगेटिव लोगों को नेगेटिव और पॉजिटिव लोगों को पॉजिटिव लगती है। मैं दो साल से मूवी की तैयारी के साथ ही नेगेटिव के लिए नेगेटिव और पॉजिटिव के लिए पॉजिटिव लिख रही थी।

उन्होंने ट्विटर पर बैन को लेकर कहा उनके हिसाब से मैं सोसायटी के लिए खतरा हूं। हां अगर अब एलन मस्क मुझे फिर से मौका देंगे तो मैं ट्विटर पर अपनी बात रखूंगी, लेकिन फिलहाल के लिए तो मैं खतरा हूं। अर्जुन रामपाल ने राजस्थान और देश में बढ़ रहे महिलाओं पर अत्याचार पर कहा ये हम सभी की जिम्मेदारी है। हम पुरुषों को मिलकर गलत कामों के खिलाफ आवाज उठानी होगी और हर महिला को सुरक्षित फील कराना होगा। हम लड़कों को गर्ल्स की रक्षा करनी चाहिए।

## अलवर में भाजपा की हुंकार रैली, बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़

**जयपुर।** भाजपा द्वारा अलवर में आयोजित हुंकार रैली में पार्टी नेताओं ने राजस्थान में कांग्रेस सरकार पर सांप्रदायिक हिंसा, मंदिर विध्वंस, किसानों की



कर्जमाफी, कानून- व्यवस्था, बिजली कटौती, बेरोजगारी भत्ता, लंबित भर्तियां आदि सहित कई मुद्दों पर हमला बोला। अलवर जिले के 11 विधानसभा क्षेत्रों से भारी भीड़ ने रैली में भाग लिया, जिसने हाल ही में करौली और जोधपुर में सांप्रदायिक हिंसा के मामलों के साथ-साथ राजगढ़ में मंदिर विध्वंस के खिलाफ आवाज उठाई। रैली को संबोधित करते हुए बीजेपी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बेदखल होगी।

पूनिया ने कहा, ÷कांग्रेस को हटाने की मांग करने वाले नारों की आवाज दिल्ली तक पहुंच चुकी है, जिससे कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दिल की धड़कन बढ़ गई है। पूनिया ने कहा, सरकार कैसे चलाई जाती है, यह जानने के लिए युद्धग्रस्त यूक्रेन में हमारे छात्रों के अनुभव का उदाहरण लें। यूक्रेन से लौटने पर एक छात्र ने कहा कि फायरिंग बंद हो गई, उन्होंने उनके साथ तिरंगा देखा। यह हमारा सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हमला कर कहा, 2018 में जब से कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई है, लोग जाति, धर्म और राजनीति के नाम पर बंटे हुए हैं। राजस्थान सबसे शांतिपूर्ण राज्य था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है.. राज्य की छवि खराब हुई है। पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कोटा में पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) की रैली की अनुमति देने लेकिन राम नवमी और हिंदू नव वर्ष पर जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ÷करौली और जोधपुर में हिंदुओं पर हमले हुए, जबकि पीएफआई राज्य में अपना आधार फैला रही है.. इसके लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण के कारण अलवर अपराधियों का गढ़ बना हुआ है, इसकारण भाजपा ने यहां से अपनी हुंकार रैली शुरू की है। रैली को संबोधित कर अलवर सांसद बालकनाथ ने कह, यह एक मुगल सरकार है जिसे हमें उखाड़ना है। कांग्रेस के डीएनए में मुगल लक्षण हैं, सनातन धर्म नहीं। उन्होंने कहा, राजस्थान की संस्कृति सद्भाव और प्रेम की है, फिर भी हम सरकार के कार्यों से अपमानित हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### इस सत्र के बाद नजर नहीं आयेंगी फेलिक्स

**वाशिंगटन** । अब तक सबसे ज्यादा ओलंपिक पदक जीतने वाली अमेरिकी महिला एथलीट एलिसन फेलिक्स 2022 के इस सत्र के बाद खेल को अलविदा कह देंगी। फेलिक्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, 'यह सत्र समय के लिए नहीं बल्कि यह आनंद लेने के लिए है।' उन्होंने आगे लिखा, 'अगर आप मुझे इस साल ट्रैक पर देखेंगे तो मैं उम्मीद करूंगी कि आपसे एक पल और एक याद साझा करूं।' फेलिक्स ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में 400 मीटर में कांस्य पदक जीतने के बाद चार गुणा 400 मीटर रिले में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। ये दोनों उनके 10वें और 11वें ओलंपिक पदक थे। इसी के साथ ही फेलिक्स ने एथलेटिक्स इतिहास में कार्ल लुईस को भी पीछे छोड़ दिया था। अब वह विश्व में केवल फिनलैंड के पावो नुर्मी से एक पदक पीछे हैं जिन्होंने 1920 से 1928 के बीच 12 पदक जीते थे। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'इस सत्र में मैं महिलाओं और अपनी बेटी के बेहतर भविष्य के लिए दौड़ूंगी।'

### चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत अस्थायी रूप से निलंबित

**नई दिल्ली** । विश्व एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने शीर्ष भारतीय चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर को प्रतिबंधित स्टेरॉयाड जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। कमलप्रीत अगर दोषी पायी जाती हैं तो उन्हें चार साल के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। एआईयू ने इस खिलाड़ी को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के लिए भी कहा है। विश्व एथलेटिक्स ने कहा है कि एआईयू ने भारतीय चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत को प्रतिबंधित पदार्थ (स्टैनोजोलोल) के सेवन के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस पदार्थ का सेवन' विश्व एथलेटिक्स के अनुसार डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। इसी कारण कमलप्रीत को निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि एआईयू विश्व एथलेटिक्स द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र निकाय है और इसका काम खेल को डोपिंग मुक्त रखना है।

### मिल्स आईपीएल के बचे हुए मैचों से बाहर हुए, स्टब्स शामिल

**मुम्बई** । मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स आईपीएल के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। मिल्स के बाहर होने से अब मुंबई ने उनकी जगह पर बचे हुए सत्र के लिए दक्षिण अफ्रीका के युवा खिलाड़ी ट्रिस्टन स्टब्स को शामिल किया है। ऐसे में अब मिल्स की जगह स्टब्स ही गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी खेलेंगे। मिल्स ने आईपीएल के इस सत्र में अब तक 5 मैचों में 6 विकेट लिए थे। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका लगा है। मुंबई इंडियंस ने अपने एक बयान में कहा, ' मिल्स की जगह पर स्टब्स के साथ करार किया गया है। मिल्स के टखने में चोट लगी है। मिल्स ने आईपीएल में अपना अंतिम मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच खेला था। तब उन्होंने 3 ओवर में 54 रन दिये थे। मिल्स के इस महीने के आखिर तक फिट होने की संभावना है। ऐसे में वह काउंटी टीम ससेक्स की ओर से 26 मई को टी20 ब्लास्ट में अपना पहला मैच खेल सकते हैं। वहीं मिल्स की जगह शामिल स्टब्स को मुंबई ने 20 लाख रुपये में शामिल किया है।



*जर्मनी में यूरोपा लीग फुटबॉल में खेलती हुई फ्रैंकफर्ट और वेस्टहैम की टीमें।*

# अगले माह होगी रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज

**मुंबई** । देश और दुनिया भर में स?क सुरक्षा के प्रति जागरुकता जगाने के लिए आयोजित की जा रही टी-20 क्रिकेट लीग (रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज) का दूसरा संस्करण चार जून से शुरु होगा। यह सीरीज तीन जुलाई तक तीन स्थानों लखनऊ, इंदौर और जोधपुर में खेली जाएगी और इसमें मेजबान भारत सहित आठ देशों ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, बंगलादेश, श्रीलंका की टीमें भाग लेंगी। न्यूजीलैंड लीजेंड्स इस सत्र से जुड़ी नई टीम है। वह इस 30 दिवसीय आयोजन के दौरान भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बंगलादेश और इंग्लैंड लीजेंड्स के साथ जुड़ेगी। यह टूर्नामेंट भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसको लेकर कहा, 'सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला क्रिकेट के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए एक बहुत अच्छी पहल है। हम चाहते हैं कि देश में हर व्यक्ति जागरुक हो और सड़क पर चलते वक्त हर नियम और कानून का पालन करे। ऐसा सुनिश्चित करने के लिए हमें लोगों में जागरुकता पैदा करनी होगी। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह श्रृंखला भारतीय सड़कों पर जीवन बचाने के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होगी। वहीं केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आयोजन की सफलता की उम्मीद करते हुए कहा, 'मुझे भरोसा है कि रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देगी और सड़क तथा सड़क सुरक्षा पर लोगों के व्यवहार के प्रति उनकी मानसिकता को प्रभावित करने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगी।

## जडेजा की खराब फार्म को लेकर परेशान नहीं कोच

**पुणे** । आईपीएल के इस 15 वें सत्र में ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा अब तक हर क्षेत्र में विफल रहे हैं। इसके बाद भी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कोच स्टीफन फ्लेमिंग जडेजा की फॉर्म को लेकर परेशान नहीं हैं। कोच ने कहा कि जडेजा को किस स्थान पर उतारा जाना है इसका फैसला टीम करेगी। जडेजा को इस सत्र की शुरुआत में कप्तान बनाया गया था पर टीम को लगातार हार का सामना करना पड़ा था। इसके साथ जडेजा की बल्लेबाजी , गेंदबाजी के साथ ही क्षेत्ररक्षण भी प्रभावित हुआ था। इस कारण जडेजा ने कप्तानी छोड़ दी पर इसके बाद भी उनके प्रदर्शन में सुधार नहीं आया। जडेजा ने इस सत्र के 10 मैचों में अब तक 19.33 के औसत से केवल 116 रन बनाये हैं जबकि गेंदबाजी में 7.52 के इकोनोमी रेट से पांच विकेट ही लिए हैं। वहीं फ्लेमिंग ने कहा, 'नहीं, मैं चिंतित नहीं हूं। टी20 मैच कठिन हो सकते हैं क्योंकि जब आप पांचवें या छठे स्थान पर बल्लेबाजी कर रहे तो आपको लय हासिल करने के लिए ज्यादा समय नहीं मिलता।% उन्होंने कहा, ''हम देखेंगे कि आगे कौन सा बल्लेबाजी क्रम उसके लिए बेहतर रहेगा।% गत विजेता सीएसके के 10 मैचों में महज छह अंक हैं और टीम प्लेऑफ से तकरीबन बाहर हो गयी है। कोच ने माना कि टीम सभी क्षेत्रों में असफल रही।

## न्यूजीलैंड टीम थॉमस कप फाइनल्स से हटी

**वेलिंग्टन** । कई खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने के कारण न्यूजीलैंड टीम आठ मई से बैंकाक में शुरू होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन फाइनल्स से बाहर हो गयी है। ऐसे में अब ग्रुप डी से अमेरिकी टीम भाग लेगी। विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा, ''टीम न्यूजीलैंड ने अपनी टीम के कई खिलाड़ियों के उपलब्ध नहीं होने के कारण बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स 2022 से नाम वापस ले लिया है। साथ ही कहा, ''टीम अमेरिका ने इसमें भाग लेने की पुष्टि की है और वह ग्रुप डी में जापान, मलेशिया और इंग्लैंड के साथ शामिल होगी।'

# मुंबई को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरी गुजरात

**मुंबई** । पहली बार आईपीएल खेल रही गुजरात टाइटन्स की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले लीग मैच में पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी। गुजराज की टीम ने इस 15 वें सत्र में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और वह अंक तालिका में 10 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। ऐसे में मुम्बई के खिलाफ मुकाबले में टीम जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। गुजरात को पिछले मैच में पंजाब किंग्स के हाथों आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी पांच मैचों में जीत की लय टूट गई थी जिसे वह इस मैच में शानदार जीत के साथ फिर हासिल करना चाहेगी। गुजरात ने अब तक लगातार जीत दर्ज की है पर उसकी बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी नजर आती है जिसका लाभ मुम्बई उठाना चाहेगी।



टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अभी तक शीर्ष क्रम में उम्मीदों के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। टीम की बल्लेबाजी कप्तान हार्दिक पंड्या के अलावा डेविड मिलर, राहुल तेवतिया पर निर्भर रहेगी। निचले क्रम में राशिद खान भी आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। युवा बी साई सुदर्शन ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाया था और वह इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। हार्दिक ने अब तक टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये हैं और वह इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे जबकि तेवतिया अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कभी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। गुजरात टीम की ताकत उसका जबरदस्त गेंदबाजी आक्रमण है। उसके पास तेज गेंदबाजों के तौर पर मोहम्मद शमी, लॉकी फर्ग्यूसन, अल्जारी जोसफ जबकि स्पिनर के तौर पर राशिद खान हैं। पिछले मैच में शमी ने नई गेंद से विरोध टीम को परेशान किया था जबकि फर्ग्यूसन की अतिरिक्त तेजी के सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं रहता। राशिद भी गेंदबाजी में काफी किफायती रहे हैं पर इस मैच में उन्हे विकेट लेने होंगे।

दूसरी ओर देखा जाये तो मुंबई की टीम पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है और ऐसे में टीम पर कोई दबाव नहीं है। उसके खिलाड़ियों का लक्ष्य इस मैच में किसी भी प्रकार बेहतर प्रदर्शन कर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपनी लय हासिल करना रहेगा। इंडियंस की टीम के लिए यह सत्र अच्छा नहीं रहा है और वह अंकतालिका में अंतिम स्थान पर है। कप्तान रोहित शर्मा ओर युवा ईशान किशन भी इस सत्र में बल्लेबाजी करते हुए रन नहीं बना पाये हैं। उनका लक्ष्य भी अपना फार्म हासिल करना रहेगा। वहीं युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने पूरे सत्र में अच्छा खेला है और वह एक और अच्छी पारी खेलकर भारतीय टीम के लिए अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। इसके अलावा सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है और वह इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे। ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड भी इस सत्र में अबतक फ्लॉप रहे हैं , उनका इरादा भी बेहतर प्रदर्शन का रहेगा।

वहीं गेंदबाजी की बात करें तो मुम्बई के मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी अपने नाम के अनुसार प्रभावी नहीं रहे हालांकि डेनियल सैम्स और रिले मेरेडिथ का बीच में प्रदर्शन अच्छा था पर पर इन दोनो में निरंतरता की कमी दिखी। कुल मिलाकर देखा जाये तो टीम की गेंदबाजी अपेक्षाकृत कमजोर है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ः

**गुजरात टाइटन्स :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, गुरकीरत सिंह, बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मैथ्यू वेड, रहमानुल्ला गुरबाज, ऋद्धिमान साहा, अल्जारी जोसेफ, दर्शन नालकांडे, डोमिनिक ड्रेक्स, जयंत यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, प्रदीप सांगवान, राशिद खान, रवि श्रीनिवासन साई किशोर, वरुण आरोन, यश दयाल।

**मुंबई इंडियन्स :** रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और इशान किशन।

## व्यापार न्यूज

### खाने के तेल हो सकते हैं सस्ते

**नई दिल्ली** । सरकार कच्चे पाम तेल के आयात पर कृषि इन्फ्रा और डेवलपमेंट सेस को पांच फीसदी से कम करने पर विचार कर रही है। ?जिसके बाद खाने के तेल की कीमतें कम हो सकती हैं। यह कटौती कितनी होगी, अभी कहा नहीं जा सकता है। हाल ही में सेस को 7.5 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी किया गया था। सेस कुछ उत्पादों पर मूल टैक्स के बाद लगाया जाता है। इसका इस्तेमाल कृषि क्षेत्र की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के खर्च पर किया जाता है। एक ?रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो साल से भारत में खाद्य तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद सूरजमुखी तेल का निर्यात बंद हो गया है। इंडोनेशिया ने भी पाम तेल निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में पाम तेल और सोयाबीन तेल की वैश्विक कीमतों में तेजी से घरेलू बाजार में खाद्य तेल के दाम बढ़े हैं। हालांकि, भारत ने कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं,लेकिन बहुत ज्यादा फायदा नहीं हुआ। भारत अपनी कुल जरूरतों का 60 फीसदी वनस्पति तेल आयात करता है। सूत्रों का कहना है कि सरकार के पास खाद्य तेल की कीमतों में राहत देने के लिए सेस में कटौती के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इस पर चर्चा चल रही है।

### टाटा पावर सोलर को एसजेवीएन से आर्डर मिला

**मुंबई** । टाटा पावर सोलर सिस्टम्स को सार्वजानिक क्षेत्र की एसजेवीएन लिमिटेड से 5,500 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर एक हजार मेगावॉट वाली परियोजना के लिए सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) को लेकर है। कंपनी ने कहा कि इस ईपीसी ऑर्डर को %मेक इन इंडिया% बैटरी और मॉड्यूल के उपयोग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस परियोजना को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसयू) योजना के तहत विकसित कर 24 महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। कंपनी ने बताया कि राजस्थान में 5,000 एकड़ भूमि में फैली इस परियोजना का लक्ष्य लगभग 22,87,128 किलो कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इससे करीब 250 करोड़ यूनिट सालाना बिजली पैदा होगी। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा, इस प्रकार की बड़ी परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रमुख ईपीसी इकाई के रूप में देश में स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को बताता है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 डालर प्रति बैरल पार करने के बावजूद देश में तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को 30वें दिन भी पेट्रोन-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुप, प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.32 प्रतिशत चढ़कर 111.26 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.65 डालर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। कंपनियों ने 40 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की।

# बैंक ऑफ इंग्लैंड की ब्याज दर 13 साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली** । भारत सहित पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू कर दी है। ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और स्वीडन समेत कई देश ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर चुके हैं। इस लिस्ट में अब ब्रिटेन का नाम भी जुड़ गया है। इससे बैंक ऑफ इंग्लैंड की प्रमुख ब्याज दर 13 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। कच्चे तेल की उच्च कीमतों, यूक्रेन और रूस में युद्ध तथा कोविड-19 संबंधित चिंताओं के कारण बढ़ती महंगाई की वजह से बैंक ने ब्याज दरों में वृद्धि की है। ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार चौथी बैठक में ब्याज दरें बढ़ाने का फैसला किया है। इसी के साथ देश में प्रमुख नीतिगत दर 25 बेसिस पॉइंट बढ़कर एक प्रतिशत हो गई है। इससे एक दिन पहले अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने महंगाई को काबू में करने के लिए ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत बढ़ोतरी की थी। यह पिछले दो दशकों से अधिक समय में नीतिगत दरों में सबसे बढ़ी बढ़ोतरी है। इससे पहले बुधवार को आरबीआई ने भी एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए रेपो रेट में 40 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी कर दी थी। इसके बाद से कई बैंकों ने अपनी ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी है। भारत और अमेरिका के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया और स्वीडन के केंद्रीय बैंकों ने भी महंगाई से निपटने के लिए ब्याज दरों में इजाफा किया है। ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को 0.1 फीसदी से बढ़ाकर 0.35 फीसदी कर दिया। केंद्रीय बैंक ने ऐसा फैसला पिछले 11 सालों में पहली बार किया है। स्वीडन के सेंट्रल बैंक ने 28 अप्रैल को ब्याज दरों में 25 बेसिस अंक की बढ़ोतरी कर दी और इसमें आगे और बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं।

# पेटीएम 2.8 करोड़ कार्ड के लिए जारी कर चुकी है टोकन

**नई दिल्ली** । देश की मशहूर डिजिटल वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम का संचालन करने वाली वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड अब तक 2.8 करोड़ कार्ड के लिए टोकन जारी कर चुकी है और उसने कार्ड संबंधी सुरक्षित आंकड़ों को 30 जून तक हटाने की संभावना जताई है। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने एक बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के अनुरूप ग्राहकों के कार्ड का टोकन नंबर जारी करने की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि पेटीएम पर इस्तेमाल होने वाले करीब 80 फीसदी सक्रिय कार्ड का टोकन जारी किया जा चुका है। शर्मा ने कहा, पेटीएम सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रतिबद्ध है और कार्ड का टोकन जारी करने की आरबीआई की पहल उस दिशा में एक बड़ा कदम है।

टोकन व्यवस्था के तहत किसी ऑनलाइन भुगतान मंच पर इस्तेमाल होने वाले कार्ड का असली ब्योरा नहीं रखा जाएगा और उसकी जगह एक टोकन नंबर जारी किया जाएगा जो अपने-आप में अलग होगा। असली कार्ड के ब्योरे का इस्तेमाल करने के बजाय इस टोकन का इस्तेमाल पीओएस मशीनों एवं क्यूआर कोड के जरिये भुगतान के समय बिना संपर्क में आए भी किया जा सकता है। आरबीआई ने ऑनलाइन भुगतान मंचों को कहा है कि अपने पास सुरक्षित रखे कार्ड से जुड़े आंकड़ों को हटाने की तैयारी करें और 30 जून तक सभी कार्ड के लिए टोकन व्यवस्था लागू करें। पेटीएम ने कहा, कंपनी उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन कार्ड भुगतान को सुरक्षित बनाने के लिए अब तक वीजा, मास्टरकार्ड और रुपे के करीब 2.8 करोड़ कार्ड के टोकन जारी कर चुकी है। इस तीव्र रफ्तार के साथ पेटीएम आरबीआई की समयसीमा के पहले ही अपने पास रखे कार्ड संबंधित आंकड़ों को हटाने की स्थिति में आ जाएगी।

## आरबीआई के रेपो रेट बढ़ाने के बाद पांच बैंकों ने एफडी की ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 4 मई को ब्याज दरें बढ़ाने की घोषणा की थी। इसके तुरंत बाद बैंकों के एक समूह ने सावधि जमा पर अपनी ब्याज दरों में वृद्धि की है। ये बैंक हैं- बंधन बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और आईसीआईसीआई। जानकारी के मुताबिक इस बैंकों ने ग्राहकों के लिए कई टेनर बास्केट में जमा दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कोटक महिंद्रा बैंक ने एक बयान में कहा कि उसने 390 दिन और 23 महीने की अवधि के लिए सावधि जमा की ब्याज दरों में क्रमशः 30 आधार अंक और 35 आधार अंकों की वृद्धि की है। इसी तरह बंधन बैंक ने भी एक साल से लेकर 18 माह और 18 माह से अधिक लेकिन दो साल के कम के फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दर 50 आधार अंक बढ़ा दी है। आईसीआईसीआई बैंक ने एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट को 40 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 8.10 फीसदी कर दिया है।

## आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों को अब फिक्स जमा पर मिलेगा अधिक ब्याज

**नई दिल्ली** । निजी क्षेत्र के अग्रणी आईसीआईसीआई बैंक ने ऋण की ब्याज दर बढ़ाने के बाद अब फिक्स जमा राशि की ब्याज दरों में भी इजाफा करने की घोषणा कर दी है। एक दिन पहले बुधवार को ही रिजर्व बैंक ने रेपो रेट और सीआरआर बढ़ाने की घोषणा की थी। इसके बाद से ही यह उम्मीद जताई जाने लगी थी कि एफडी की ब्याज दरों में इजाफा हो सकता है। आईसीआईसीआई बैंक की ओर से गुरुवार को जारी एक नोटिफिकेशन में एफडी की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। यह बढ़ोतरी फिलहाल 2 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये तक की जमाओं पर किया गया है। नई दरें 5 मई, 2022 से प्रभावी हो गई है। आईसीआईसीआई बैंक के नोटिफिकेशन के मुताबिक, एफडी की ब्याज दरों में एक चौथाई फीसदी तक यानी 25 बेसिस प्वाइंट्स तक की वृद्धि की गई है। 90 दिन तक की जमाओं पर अब एक चौथाई फीसदी ज्यादा मिलेगा। जबकि 271 दिन से लेकर 1 साल तक की जमाओं पर 20 बेसिस प्वाइंट और 2 साल तक की जमाओं पर 15 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी करने की घोषणा की गई है। सामान्य और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2 करोड़ रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक की जमाओं पर बैंक अब इस दर से ब्याज दे रहा है।

# नमक और चाय के बाद डिटर्जेंट, होम क्लीनर, बॉडी वॉश और क्रीम बनाएगी टाटा

**मुंबई** । टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड यानी टीसीपीएल अब होम और पर्सनल केयर इंडस्ट्री में उतरने की तैयार में है। कंपनी अधिग्रहण की अगुवाई वाली रणनीति के माध्यम से अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाएं तैयार कर रही है। मामले से जुड़े शीर्ष अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। जो कंपनी मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थों के क्षेत्र में काम कर रही है, वह अब डिटर्जेंट, होम क्लीनर, बॉडी वॉश और क्रीम जैसी श्रेणियों में भी हाथ आजमाएगी। अपनी योजना को लागू करने के लिए कंपनी अधिग्रहण का सहारा लेगी। अधिकारी ने बताया कि पिछले एक साल में संगठनात्मक सरलीकरण और तालमेल पर ध्यान केंद्रित करने के बाद टाटा कंज्यूमर अब अपने अपने पोर्टफोलियो का बड़े पैमाने पर विस्तार करेगी।

अधिकारियों ने बताया कि कंपनी का प्रबंधन उन कैटेगरीज में काफी तेजी से विस्तार पर ध्यान देगी, जिनमें कंपनी टॉप-थ्री प्लेयर्स में शामिल है। कंपनी की एमएंडए टीम पहले से ही बाजारों में अधिग्रहण के अवसरों की तलाश कर रही है। उपभोक्ताओं के मन में टाटा ब्रांड को लेकर एक मजबूत विश्वास है। इस विश्वास के चलते कंपनी के पास देश में कई सारे अवसर उपलब्ध हैं। हमारे पास पहले से ही खाद्य पदार्थों में एक मजबूत ब्रांड इक्विटी है और इसका उपयोग होम एंड पर्सनल केयर क्षेत्र में होगा। हालांकि, टाटा कंज्यूमर ने अभी तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी एफएमसीजी स्पेस में ऐसी कैटेगरी की तलाश कर रही है, जहां वह स्केल के जरिए असर डाल सके। यहां तक कि खाद्य क्षेत्र में यह ब्रांडेड सूखे मेवों में भी जा सकती है। यह एक ऐसी जगह है, जिसे एक कमोडिटी के रूप में देखा जाता है और इसमें कोई ब्रांडेड खिलाड़ी नहीं हैं।

टाटा कंज्यूमर ने निष्पादन पर केंद्रित एक पूरी तरह से नई कार्यकारी प्रबंधन टीम बनाई है, जिसका नेतृत्व मुख्य कार्यकारी सुनील डिसूजा कर रहे हैं, जिन्हें अप्रैल 2020 में काम पर रखा गया था। मुख्य परिचालन अधिकारी अजीत कृष्णकुमार, जिन्हें जनवरी 2020 में नियुक्त किया गया था, बैकएंड के प्रभारी हैं। इसमें आपूर्ति श्रृंखला, रसद, सहयोगी कंपनियों का एकीकरण और समग्र परिचालन कार्यों को संभालना शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि सेल्स एंड मार्केटिंग टीमों में कंपनी की लगभग आधी प्रतिभा आज एक्सटर्नल रूप से हायर की हुई है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने कहा, प्रबंधन एक ऐसी विशाल एफएमसीजी कंपनी का निर्माण करना चाहता है, जो बाजार में भी चुस्त और फुर्तीली हो। एक कल्चर का निर्माण किया जा रहा है, जो एक चुस्त एफएमसीजी कंपनी के लिए उपयुक्त हो, जो उत्पादकता, दक्षता और विकास पर केंद्रित हो।

# विदेश में शूटिंग ने परेशान कर दिया: राशी खन्ना



तेलुगू फिल्म थैंक यू की शूटिंग के बाद हाल ही में इटली के मिलान से लौटी अभिनेत्री राशि खन्ना ने खुलासा किया कि एक विदेशी स्थान पर शूटिंग् ने उन्हें परेशान कर दिया। अभिनेत्री ने कहा है कि इटली में शूटिंग सुरक्षित थी क्योंकि देश में लोगों ने बहुत जिम्मेदारी से प्रोटोकॉल का पालन किया। उन्होंने बताया कि हम महामारी के बीच में थे और मैं वहां (इटली) जाने से पहले डर गई थी। वहां एक बार, मुझे एहसास हुआ कि इटली में लोग मास्क पहनने के लिए बहुत ज़िम्मेदार थे, भले ही दूसरी लहर बीत गई हो। बहुत कम लोग शूटिंग कर रहे थे हमें चालक दल में शामिल किया गया था और सभी सावधानियां बरती गई थीं। राशी ने कहा, जब मैं वहां थी, भारत में दूसरी लहर तेज हो गई और मैं लगातार पढ़ रहा थी कि भारत में क्या हो रहा था। यह परेशान करने वाला था। यह बुरा लगा कि हमारा देश पीड़ित था और हम दूर थे। अब हम वापस आ गए हैं और हम बहुत कुछ नहीं कर सकते। यह एक असहाय स्थिति है। हमने जो किया उसके लिए हमने शूटिंग की, लेकिन यह मानवीय रूप से परेशान कर रहा था। हम लगातार सोच रहे थे कि घर वापसी के बाद क्या होगा। राशी ने अपने अभिनय की शुरूआत शूजीत सरकार की 2013 की हिंदी फिल्म मद्रास कैफे से की, और बाद में टच चेसी चुडू, वेंकी मामा और वर्ल्ड फेमस लवर जैसी हिट फिल्मों के साथ तेलुगु फिल्म जगत में कदम रखा।

**इस बारे में बात करते हुए कि कैसे कोविड ने थैंक यू की प्रोडक्शन टीम के लिए बाधाएं लाईं, अभिनेत्री कहती हैं:** ईमानदारी से, हमेशा समय पर खत्म करने का दबाव होता है लेकिन मेरे पास एक बहुत अच्छी टीम थी जिसने सब कुछ ध्यान में रखा था और उन्होंने कोई दबाव नहीं बनाया। हम सभी शूटिंग खत्म करने के बारे में तनाव में थे क्योंकि प्रतिबंध थे क्योंकि हम भारत से थे। कुछ स्थान ऐसे थे जिन्हें रद्द कर दिया गया था क्योंकि हम भारतीय थे।

**वह आगे कहती हैं:** प्रोडक्शन टीम को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके अलावा हम वास्तव में सुरक्षित थे। ऐसे दिन थे जब हम दिन में 18 घंटे शूटिंग कर रहे थे क्योंकि हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। क्योंकि यह पहले जैसा नहीं था।

## जानिए लगातार 7 दिन तक एलोवेरा जूस पीने से क्या फायदे मिलते हैं!

आप भी सोचते होंगे कि इस कटीले पौधे में आखिर ऐसे कौन से चमत्कारी गुण पाए जाते हैं। जिससे ये इतना फायदेमंद है। दरअसल एलोवेरा का पौधा उष्णकटिबंधीय देशों में ज्यादा पाया जाता है। एलेवोरा एक रस वाला पौधा है। जिसका इस्तेमाल प्राकृतिक सौंदर्य उत्पादों में सबसे ज्यादा होता है। इसमें काटे भी होते हैं लेकिन जेल ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर है और कई स्वास्थ्य लाभ देता है। एलोवेरा का इस्तेमाल करने से आपको कई आश्चर्यजनक फायदे मिलेंगे। जानते हैं लगातार 7 दिन तक एलोवेरा जूस पीने से क्या फायदे मिलते हैं।




1-पहले दिन एलोवेरा के पौधे की एक पत्ती काट लें। अब इसे अच्छी तरह धोकर लें। बीच में से काटकर चम्मच से जेल को निकाल लें। अब इसमें थोड़ा पानी डालकर असका जूस बना लें। पहले दिन आपको यही जूस पीना है। अगर ज्यादा जूस बन गया है तो इसे फ्रीजर में स्टोर भी कर सकते हैं।

2-एलोवेरा जूस पीने के दूसरे आपको अपनी त्वचा में थोड़ा फर्क आता दिखेगा। एलोवेरा का ताजा जूस पीने से कई फायदे मिलते हैं। इससे त्वचा की सूजन भी कम होने लगती है। आपको दूसरे दिन ही पेट में भी काफी अंतर नज़र आएगा। इससे पेट और स्किन दोनों साफ होने लगेंगी।

3- आपको तीसरे दिन भी एलोवेरा जूस पीना है। अब धीरे-धीरे आपकी स्किन की टैनिंग कम होने लगेगी। गर्मियों में धूप में त्वचा जल जाती है। जो एलोवेरा जूस पीने से साफ होने लगेगी। एलोवेरा में एंटीऑक्सिडेंट गुण पाए जाते हैं जिससे बर्न स्किन जल्दी ठीक होती है।

4- अब चौथे दिन आपको महसूस होने लगेगा कि आपकी स्किन का सूखापन खत्म होने लगा है। आपकी स्किन में नमी आने लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि एलोवेरा के पौधे में 98त्न पानी होता है। एलोवेरा जूस पीने और जेल लगाने से स्किन हाइड्रेट रहती है।

5- अब आपको अपनी पूरी बॉडी में चमत्कारी फायदे नजर आने लगेंगे। आपकी त्वचा में चमक आने लगेगी, आप पहले से ज्यादा ब्राइट दिखने लगेंगे, पेट की समस्याएं भी कम हो जाएंगी। बालों भी मुलायम और चमकदार बन जाएगे।

6- अगर आपको पिंपल्स की समस्या है तो एलोवेरा जूस पीने से आपकी ये समस्या भी दूर हो जाएगी। 6 दिन में आपको एलोवेरा जूस के कई फायदे नज़र आने लगेंगे। इससे आपका ब्लड फ्लो भी अच्छा होगा और बैक्टीरिया भी दूर हो जाएंगे।

# रचनात्मक रूप से आगे बढ़ना इस समयं एक चुनौती है: संजना सांघी



अभिनेत्री संजना सांघी का कहना है कि ऐसे समय में काम पर ध्यान केंद्रित करना चुनौतीपूर्ण रहा है, जब देश कोविड-19 की दूसरी लहर से जूझ रहा है। वह कहती हैं कि काम की उनके दिमाग में सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है और ध्यान केंद्रित करना एक चुनौती रही है। उन्होंने बताया कि रचनात्मक रूप से, जोन इन करना एक चुनौती रही है। एक स्क्रिप्ट पढ़ना जब मैं कार्यक्रम बना रही हूं और एक आदिवासी क्षेत्र में ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर प्राप्त करने की कोशिश कर रही हूं, यह एक ऐसी चुनौती रही है जिसका मैंने पहले अनुभव नहीं किया है। इसलिए, निश्चित रूप से ध्यान भटक रहा है। वह आगे कहती हैं, सौभाग्य से, किसी तरह पिछले लॉकडाउन ने हमें बहुत कुछ सिखाया, यह पहली बार था जब हम अपने व्यस्त कार्यक्रम से अलग-अलग शहरों में रहने और हर समय सेट पर रहने से हमने अलग अनुभव किया कि घर में बंद रहना कैसा होता है। यह कठिन था। मेरे सभी अभिनेता मित्र यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि परिवार सुरक्षित है, वे सुरक्षित है और यह उन समय में से एक है जब आप जानते हैं कि समय सही होने पर आप वापस लोटेंगे। उस पर चिंता करने से कोई फायदा नहीं है क्योंकि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम पूरी तरह से सुरक्षित होने पर ही काम पर वापस आएं। लोगों को महामारी से निपटने में मदद करने के लिए, संजना ने हियर टू हियर नाम से एक मानसिक स्वास्थ्य अभियान शुरू किया। उन्होंने सेव द चिल्ड्रन के साथ मिलकर भारत के दूरदराज के हिस्सों में प्रोटेक्ट ए मिलियन मिशन के साथ समर्थन प्रदान किया है। संजना ने कहा, जब दूसरी लहर आई, तो यह पूरी तरह से स्वाभाविक लगा कि कैसे विस्तार और योगदान करना है। मैंने देखा कि हर कोई एक साथ आ रहा था और अविश्वसनीय काम कर रहा था। इस अंतर को भरने के लिए हियर टू हियर था। मुझे लगा कि इस सब के बीच, हम आपूर्ति के साथ मदद करने में सक्षम थे।



## चिंता है चिता के समान

हर मनुष्य चिंताग्रस्त हैं ,इसका आशय किसी भी बात को अधिक मात्रा में सोचना और उसके प्रति नकारात्मक भावों को अधिक स्थान देना .चिंता के कारण बहुत हो सकते हैं ,उससे आप तनाव ,अवसाद से ग्रसित होकर अपना ,परिवार का भविष्य दुखद बना पाते हैं .मन अधिक चंचल होने से दिन रात बाह्य संपर्क से जुड़ता हैं और उससे लगाव होना ही मुख्य कारण होता हैं .मन को सकारात्मक दिशा में ले जाना ही चिंतामुक्त होना ही सुखी जीवन का आधार हैं .झपकी लेने से न केवल तनाव कम होता है, बल्कि पाचन में भी सुधार होता है। इतना ही नहीं, कुछ देर की झपकी लेने से भी शरीर को काफी आराम मिलता है, जिसके बाद व्यक्ति को बहुत अच्छी नींद आती है। आज ज्यादातर लोग स्ट्रेस में जी रहे हैं। किसी को काम का स्ट्रेस है, तो किसी को नौकरी जाने का। कोई आर्थिक तंगी और पारिवारिक के लड़ाई झगड़े के कारण तनाव में है, तो कोई स्वास्थ्य से जुड़ी समस्यों को लेकर मानसिक तनाव से परेशान हैं। इस तरह लोग आए दिन किसी न किसी वजह से तनाव का सामना करते हैं। लेकिन जब लोग अपने तनाव के स्तर को नियंत्रित नहीं कर पाते, तो यह उनके लिए चिंता का विषय बन जाता है। तनाव चाहे जिस वजह से भी हो, इसके लिए स्ट्रेस रिलीवर्स होना जरूरी है, जो मन और शरीर को शांत कर सके। तनाव एक साइलेंट किलर है, जो शरीर को भीतर से खोखला करता चला जाता है। इस पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो यह कई शारीरिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। यदि आप भी हर छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव लेने लगते हैं, जहां उन्होंने हर दिन होने वाले तनाव को दूर करने के लिए तीन आसान से कदम हैं ।

### खुद के साथ ज्यादा समय बिताएं

खुद के साथ ज्यादा से ज्यादा टाइम बिताएं । तनाव से मुक्ति पाने के लिए खुद के साथ ज्यादा समय बिताएं और जितना हो सके फोन से दूर रहें। फोन आपको दूसरों से तो कनेक्ट करता है, लेकिन इसकी वजह से आप खुद से दूर होते चले जाते हैं।

### खुद को पसंद करें

जब भी आपको तनाव हो, तो ध्यान रखें कि कोई आपकी मदद नहीं कर सकता। आप खुद को अभी पसंद करें। आप खुद से प्यार करना शुरू करेंगे , तो तनाव खुद ब खुद दूर हो जाएगा।

### दोपहर में झपकी लें

- जो लोग अक्सर ही तनाव में रहते हैं, विशेषज्ञ उन लोगों को दोपहर में 20-30 मिनट की झपकी लेने की सलाह देती हैं। उन्होंने इसके फायदों के बारे में बताया है कि भोजन के तुरंत बाद एक झपकी लेना बहुत अच्छा है, इससे न केवल पाचन ठीक रहता है, बल्कि सूजन भी कम हो जाती है। इतना ही नहीं कुछ मिनट की झपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए बहुत अच्छी है।
- ध्यान रखें, तनाव को कभी अपने न हावी होने दें और इन कदमों को अपनाकर खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से हल्का रखें।
- इसके लिए सरलतम उपाय हैं आप अपनी चिंताओं को कागज़ में लिखकर उसकानिदान /हल ढूंढे उससे आप अपना तनाव मष्तिष्क में न रखकर कागज़ पर उतारकर निर्णय ले .
- मन के हारे हार हैं ,मन के जीते जीत .मन को बलवान बनाओ।

# हमने तुम्हें 'राशन' दिया तुम मुझे वोट दो

**निर्मल रानी**

तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा , यह नारा 4 जुलाई 1944 को बर्मा में हज़ारों भारतवासियों की मौजूदगी में नेता जी सुभाष बोस ने दिया था। अब लगभग इसी तर्ज़ का नारा भूखमरी और सत्ता के बीच उछलता दिखाई दे रहा है। कुछ समय पूर्व ही पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं का एक नया वर्ग उभर कर सामने आया जिसे मीडिया द्वारा %लाभार्थी % वर्ग के नाम से प्रचारित किया गया। %लाभार्थी % उस वर्ग को बताया गया जो राशन कार्ड धारी व ग़रीबी रेखा से नीचे रहने वाला विशेषकर वह वर्ग जो कोरोना काल में नौकरी या व्यवसाय समाप्त हो जाने के बाद दो वक़्त की रोटी का भी मोहताज हो गया था। इस ग़रीब व बेसहारा वर्ग को सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत गेहूं,चावल,चना आदि राशन मुफ़्त में वितरित किया गया। सरकारी दावों के अनुसार पूरे देश में प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ़्त राशन प्राप्त करने के अतिरिक्त केंद्र सरकार की उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास तथा शौचालय निर्माण योजना जैसी कई योजनाओं का फ़ायदा उठाने वाले लाभार्थी वर्ग की संख्या लगभग 80 करोड़ बताई गयी। विभिन्न राज्यों में इन ग़रीब,मजबूर व बेसहारा लोगों को बाक़ायदा %उत्सव% आयोजित कर इन्हें राशन बांटा गया। यह अलग बात है कि अनेक वितरण केंद्रों पर इन ग़रीबों को दिया जाने वाला राशन निहायत घटिया क़िस्म का था। तथा योजना के तहत बनाये गये शौचालय भी टूट फूट गए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ़्त दिया गया गैस सिलिंडर व गैस चूल्हा भी मकान के किसी कोने में पड़ा इसलिए धूल खाने लगा क्योंकि गैस सिलिंडर रिफ़िल करने के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गयी। और उन्हीं उज्ज्वला लाभार्थियों ने पुनः लकड़ी व चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया। परन्तु प्रधानमंत्री व कहीं कहीं प्रधानमंत्री के साथ साथ राज्यों के मुख्यमंत्रियों का चित्र छपा हुआ वह थैला जो मुफ़्त राशन के साथ ही मुफ़्त में दिया गया उसकी मज़बूती में कोई कमी न थी। इसके पीछे भी रणनीतिकारों की बड़ी दूरदर्शिता यह थी कि %लाभार्थी % इसी थैले का इस्तेमाल राशन लेने के बाद बाज़ार लेकर आने जाने व सामानों को रखने के लिये भी कर सकता है। और वह लाभार्थी जितनी बार भी उस %इश्तेहारी थैले % के साथ घर से बाहर निकलेगा उतनी बार %अन्नदाता महा मानव % रुपी राजनेताओं के चेहरे बाज़ारों में एक %मसीहा % के रूप में प्रचारित होंगे। और मुफ़्त राशन पाने वाला न चाहते हुये भी लोगों को यह सन्देश देने के लिये मजबूर होगा कि वह मुफ़्त राशन के लिये सरकार पर आश्रित रहने वाला एक मजबूर,ग़रीब व उपकृत लाभार्थी है। इस तरह की मुफ़्त वाली योजनाओं में से अधिकतर योजनाओं का संबंध महिलाओं से था। चाहे वह मुफ़्त राशन हो, शौचालयों का निर्माण हो या उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मिले सिलेंडर का लाभ। रणनीतिकारों ने इन योजनाओं से महिलाओं को ही सबसे अधिक उपकृत हुआ पाया। यहां तक कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रायः मकानों का आवंटन भी महिलाओं के नाम से ही किया गया।

80 करोड़ लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने वाले भले ही इसे अपनी उपलब्धि बता रहे हों परन्तु इसी देश का एक बड़ा बुद्धिजीवी वर्ग देश में लाभार्थियों की इतनी बड़ी तादाद होने को ही सरकार की घोर विफलता मान रहा है।



सवाल यह है कि उसी कोरोना काल में बिना किसी योजना व तैयारी के जिसतरह अचानक लॉक डाउन घोषित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को अपने रोज़गार गंवाने पड़े,अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा और भूखमरी की कगार पर पहुंचना पड़ा आख़िर इन हालात की ज़िम्मेदारी किसकी थी ? इतना बड़ा %लाभार्थी % वर्ग खड़ा करने का ज़िम्मेदार भी आख़िर कौन है ? मोदी सरकार की रणनीति से एक बात तो साफ़ झलकती है कि सरकार लोगों को रोज़गार व सेवा के अवसर व अधिकार देने के विपरीत इसी प्रकार की कुछ कल्याणकारी योजनाओं से ही उन्हें उपकृत कर अपने पक्ष में %लाभार्थियोंका एक बड़ा वर्ग खड़ा करना चाहती है। जिसका व्यापक प्रभाव पिछले दिनों 5 राज्यों में हुये चुनावों में देखने को भी मिला कि भाजपा की ख़ास रणनीति के तहत किस प्रकार %लाभार्थियों%का वर्ग भाजपा के %वफ़ादार% मतदाताओं के रूप में परिवर्तित हो चुका है। ज़ाहिर है चुनाव परिणामों से ही उत्साहित होकर सरकार ने देश के अस्सी करोड़ लोगों तक पहुँचने वाली प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना जैसी %मुफ़्त % राशन वितरण योजना को सितंबर 2022 तक के लिये और आगे बढ़ा दिया है। मुफ़्त राशन लाभार्थियों के प्रति सरकार की दिलचस्पी व उसके %विश्वास % का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा ट्ववीट कर बताया गया कि -% भारतवर्ष का सामर्थ्य देश के एक-एक नागरिक की शक्ति में समाहित है। इस शक्ति को और मज़बूती देने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना को छह महीने और बढ़ाकर सितंबर 2022 तक जारी रखने का निर्णय लिया है। देश के 80 करोड़ से अधिक लोग पहले की तरह इसका लाभ उठा सकेंगे।


भाजपा द्वारा अब अपने कार्यकर्ताओं को यह निर्देशित किया जा रहा है कि वे लाभार्थियों से निरंतर संपर्क बनाये रखें। ज़ाहिर है %संपर्क % बनाये रखने का मक़सद यह तो हरगिज़ नहीं हो सकता कि वे लाभार्थियों से यह पूछें कि आपको जो मुफ़्त अनाज मिला है उसकी गुणवत्ता कैसी थी या उसका वज़न पूरा था या नहीं। बल्कि इसका अर्थ केवल यही है कि %लाभार्थी % याद रखे कि सरकार ने मुफ़्त राशन देकर उनपर जो उपकार किया है वह उसका प्रतिफल मतदान की शक्ल में उनकी पार्टी को वापस करे। यानी चूँकि हमने तुम्हें %राशन % दिया इसलिये तुम मुझे वोट दो। भाजपा के अतरिक्त अन्य पार्टियों द्वारा भी जिस तरह मतदाताओं को %मुफ़्तख़ोरी % की अनेक योजनाओं का प्रस्ताव देकर अपने पक्ष में लुभाने की कोशिशें की जाती हैं उससे यह साफ़ ज़ाहिर होता है कि सरकार हो या विपक्ष सभी की दिलचस्पी आत्म निर्भर भारत बनाने बजाये शासनाधीन मतदाता बनाने की ज़रूर है। अन्यथा मुफ़्तख़ोरी की योजनाओं में जो पैसा ख़र्च किया जाता है, सरकार चाहे तो उन्हीं पैसों से मतदाताओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनेक योजनायें भी शुरू की जा सकती है।

## नफरत का बोझ

बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए। जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो। इससे आपका मन स्वच्छ और हल्का रहेगा। सभी शिष्यों ने वैसा ही किया।

## जम्मू-कश्मीर में चुनाव

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव इसी साल गुजरात और हिमाचल प्रदेश के साथ अक्टूबर या नवंबर तक हो सकते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने फरवरी में कहा था कि परिसीमन की प्रक्रिया जल्द पूरी होने वाली है। अगले छह से आठ महीने में विधानसभा के चुनाव होंगे। इसमें किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है। माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव अमरनाथ यात्रा के बाद कराना ज्यादा मुफीद माना जा रहा है क्योंकि यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय बल प्रदेश में मौजूद रहेंगे। चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त तामझाम नहीं करना होगा। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। चुनाव से पहले विधानसभा सीटों का परिसीमन का काम भी पूरा हो चुका है। परिसीमन आयोग ने गुरुवार को एक मीटिंग की और फाइनल रिपोर्ट पर साइन कर दिया। इसमें निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या और उनके आकार का ब्योरा है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद चुनाव आयोग वोटर लिस्ट तैयार करने की कार्रवाई शुरू कर देगा। नई दिल्ली में जम्मू कश्मीर परिसीमन आयोग ने एक बैठक के बाद रिपोर्ट को जारी किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आयोग के लिए छह मई 2022 तक अंतिम रिपोर्ट सौंपने की समय सीमा निर्धारित थी। इससे पहले आयोग की तरफ से मसौदा रिपोर्ट जारी कर जम्मू कश्मीर से सुझाव लिए गए थे। रिपोर्ट के जारी होने के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जाने का रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में जम्मू कश्मीर में चुनाव का बिगुल भी जल्द ही सुनाई दिया जा सकता है। जम्मू कश्मीर में विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने से यहां पर सात विधानसभा सीटों में बढ़ोतरी होगी।



रिपोर्ट में जम्मू संभाग में छह व कश्मीर संभाग में एक विधानसभा सीट को बढ़ाया गया है। पहली बार अनुसूचित जनजाति के लिए जम्मू कश्मीर में नौ विधानसभा सीटों को आरक्षित करने का प्रावधान किया जा रहा है, जबकि अनुसूचित जाति के लिए पहले की तरह ही सात विधानसभा सीटें आरक्षित रखी गई हैं। जम्मू कश्मीर की नई विधानसभा में कश्मीरी पंडितों और पीओजेके विस्थापितों को प्रतिनिधित्व मिल सकता है। जम्मू-कश्मीर की लोकसभा सीटों में भी परिसीमन आयोग ने फेरबदल किया है। अब कश्मीर व जम्मू दोनों संभागों के हिस्से ढाई-ढाई लोकसभा सीटें होंगी। पहले जम्मू संभाग में उधमपुर डोडा व जम्मू तथा कश्मीर में बारामुला, अनंतनाग व श्रीनगर की सीटें थीं। नई व्यवस्था के तहत अनंतनाग सीट को अब अनंतनाग-राजोरी पुंछ के नाम से जाना जाएगा यानी जम्मू सीट से दो जिले राजोरी व पुंछ निकालकर अनंतनाग में शामिल कर किए गए हैं। प्रत्येक लोकसभा सीट में 18 विधानसभा सीटें होंगी। उधमपुर सीट से रियासी जिले को निकालकर जम्मू में जोड़ा गया है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार विधानसभा की सात सीटें बढ़ाई जानी हैं। इससे विधानसभा में सदस्यों की संख्या 83 से बढ़कर 90 की जानी हैं। केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले विधानसभा में सीटों की संख्या 87 थी जिसमें चार सीटें लद्दाख की थीं। लद्दाख के अलग होने से 83 सीटें रह गई, जो बढने के बाद 90 हो जाएंगी। परिसीमन आयोग ने सात सीटों में एक सीट कश्मीर और छह सीटें जम्मू संभाग में बढ़ाई हैं। जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार परिसीमन 1995 में हुआ था। उस समय जम्मू-कश्मीर में 12 जिले और 58 तहसीलें हुआ करती थीं। वर्तमान में प्रदेश में 20 जिले हैं और 270 तहसील हैं। पिछला परिसीमन 1981 की जनगणना के आधार पर हुआ था। इस बार परिसीमन आयोग ने 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन का काम किया है। जम्मू-कश्मीर में जून 2018 से कोई चुनी हुई सरकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बात का वादा किया है कि चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर को राज्यों की तरह काम करने का मौका मिलेगा। यह पैनल सरकार ने मार्च 2020 में बनाया था। इसकी हेड सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई थीं। इसके अलावा चीफ इलेक्शन कमिश्नर सुशील चंद्रा और डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर चंदर भूषण कुमार इस पैनल में शामिल थे। केंद्र सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने और जम्मू-कश्मीर राज्य पुनर्गठन के बाद परिसीमन आयोग बनाया था। आयोग ने नए मसौदे में कश्मीर संभाग के बारामूला, कुपवाड़ा, श्रीनगर, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में बदलाव किया है।

# (7 मई) श्री रबीन्द्रनाथ टैगोर जयंती

### सूडोकु नवताल- 6063

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6062 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

रबीन्द्रनाथ ठाकुर (7 मई, 1861 - 7 अगस्त, 1941) विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता हैं। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा थे। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं। वे एकमात्र कवि हैं जिसकी दो रचनाएँ दो देशों का राष्ट्रगान बनीं - भारत का राष्ट्र-गान %जन गण मन% और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान %आमार सोनार बांङ्ला% गुरुदेव की ही रचनाएँ हैं।



रबीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासाँको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश पुनः लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ।

टैगोर की माता का निधन उनके बचपन में हो गया था और उनके पिता व्यापक रूप से यात्रा करने वाले व्यक्ति थे, अतः उनका लालन-पालन अधिकांशतः नौकरों द्वारा ही किया गया था। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण के समय अग्रणी था उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुई थीं। टैगोर के पिता ने कई पेशेवर ध्रुपद संगीतकारों को घर में रहने और बच्चों को भारतीय शास्त्रीय संगीत पढ़ाने के लिए आमंत्रित किया था। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। ज्योतिरिंद्रनाथ की पत्नी कादंबरी देवी सम्भवतः टैगोर से थोड़ी बड़ी थीं व उनकी प्रिय मित्र और शक्तिशाली प्रभाव वाली स्त्री थीं जिन्होंने 1884 में अचानक आत्महत्या कर ली। इस कारण टैगोर और इनका शेष परिवार कुछ समय तक अधिक समस्याओं से घिरा रहा था। इसके बाद टैगोर ने बड़े पैमाने पर विद्यालयी कक्षा की पढ़ाई से परहेज किया और मैरर या पास के बोलपुर और पनिहती में घूमने को प्राथमिकता दी, और फिर परिवार के साथ कई स्थानों की यात्रा की। उनके भाई हेमेंन्द्रनाथ ने उसे पढ़ाया और शारीरिक रूप से उसे वातानुकूलित किया - गंगा को तैरते हुए या पहाड़ियों के माध्यम से, जिमनास्टिक्स द्वारा, और जूडो और कुश्ती अभ्यास करना उनके भाई ने सिखाया था। टैगोर ने ड्राइंग, शरीर विज्ञान, भूगोल और इतिहास, साहित्य, गणित, संस्कृत और अंग्रेजी को अपने सबसे पसंदीदा विषय का अध्ययन किया था। हालाँकि टैगोर ने औपचारिक शिक्षा से नाराजगी व्यक्त की - स्थानीय प्रेसीडेंसी कॉलेज में उनके विद्वानों से पीड़ित एक दिन का दिन था। कई वर्षो बाद उन्होंने कहा कि उचित शिक्षण चीजों की व्याख्या नहीं करता है; उनके अनुसार उचित शिक्षण, जिज्ञासा है।

ग्यारह वर्ष की आयु में उनके उपनयन (आने वाला आजीवन) संस्कार के बाद, टैगोर और उनके पिता कई महीनों के लिए भारत की यात्रा करने के लिए फरवरी 1873 में कलकत्ता छोड़कर अपने पिता के शांतिनिकेतन सम्पत्ति और अमृतसर से डेलाहौसी के हिमालयी पर्वतीय स्थल तक निकल गए थे। वहां टैगोर ने जीवनी, इतिहास, खगोल विज्ञान, आधुनिक विज्ञान और संस्कृत का अध्ययन किया था और कालिदास की शास्त्रीय कविताओं के बारे में भी पढ़ाई की थी। 1873 में अमृतसर में अपने एक महीने के प्रवास के समय, वह सुप्रभात गूरुवाणी और नानक वाणी से बहुत प्रभावित हुए थे।

## यह ईश्वरद्रोह नहीं तो क्या है?

**वेदप्रताप वैदिक**

अपने देश में कल दो घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्हें लेकर भारत के धर्मध्वजियों और नेताओं को विशेष चिंता करनी चाहिए। पहली घटना हैदराबाद में हुई और दूसरी गुजरात में। हैदराबाद में एक हिंदू नौजवान नागार्जू की हत्या इसलिए कर दी गई कि उसने सुल्ताना नामक एक मुसलमान लड़की से शादी कर ली थी। गुजरात के एक गांव में कुछ हिंदुओं ने दो अन्य हिंदुओं पर इसलिए हमला कर दिया कि वे अपने पूजा-पाठ को लाउडस्पीकर पर गुंजा रहे थे। ध्यान रहे कि यह हमला न तो मुसलमानों पर हिंदुओं का था और न ही हिंदुओं पर मुसलमानों का! उक्त दोनों हमले अलग-अलग कारण से हुए और उनका चरित्र भी अलग-अलग है लेकिन दोनों में बुनियादी समानता भी है। दोनों हमलों में मौते हुई और दोनों का मूल कारण एक ही है। वह कारण है– असहिष्णुता! यदि गांव के कुछ लोगों ने अनजाने या जान-बूझकर लाउडस्पीकर लगा लिया तो उससे कौनसा आसमान टूट रहा था? उन्हें रोकने के लिए मारपीट और गाली-गुफ्ता करने की क्या जरुरत थी। यदि सचमुच लाउडस्पीकर की आवाज कानफोड़ू थी और उससे आपके काम में कुछ हर्ज हो रहा था तो आप पुलिस थाने में जाकर शिकायत भी कर सकते थे लेकिन किसी की आवाज काबू करने के लिए आप उसकी जान ले लें, यह कहां कि इंसानियत है?

## मां

होती शिशुओं की जान मां,
संगीत की लय तान मां।
हर गम शिशुओं का पी लेती,
बन होठों की मुस्कान मां।।

घर- परीवार की शान मां,
शिशु-उर भरती है ज्ञान मां ।
जब भी कोई बाधा आती,
बनती साहस- सोपान मां।।

होती ममता की खान मां,
रखती सबका ही ध्यान मां।
प्रथम पाठशाला प्रसू- अंक,
बनती शिशु -हित वरदान मां।।



मानवता का सहगान मां,
सामाजिक दिव्य उत्थान मां।
उऋण न कोई मातृ-ऋण से
राष्ट्र - व्योम -दिनमान मां।।

**खुशबू कुमारी**

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में हुआ स्नेह मिलन का आयोजन



**मुरैना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीवाजी गंज मुरैना के सेवा केंद्र पर समाजसेवी संगठनों का एक स्नेह मिलन रखा गया जिसमें लगभग 15 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। विशेष रुप से मध्य प्रदेश शासन के आनंदम विभाग द्वारा नोडल ऑफिसर आर.के.तोमर भी उपस्थित हुए। उन्होंने आनंद विभाग की कार्यप्रणाली को बताया और सभी ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में चंदन टीका लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर के सभी का स्वागत किया गया तथा बालिका द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।

सर्वप्रथम डॉ आर.सी.बांदिल पूर्व सी.एम.एच.ओ.ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 75 आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा सभी कार्यक्रमों का योगदान दिया जाए तो सारे प्रोग्राम अच्छी तरह से सफल होंगे। उसी कड़ी में समाजसेवी संगठनों का स्नेह मिलन रखा गया है। इसके बाद राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रेखा बहन प्रभारी केंद्र मुरैना ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम सब लोगों को मिलकर सारे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए शारीरिक मानसिक रूप से सेवा करना चाहिए। इसके लिए पहले स्वयं खुश और संतुष्ट रहें, तब हम दूसरों को हर प्रकार से संतुष्ट कर सकते हैं और सब की दुआएं प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि प्रत्येक मानव तनाव में है। इस दौरान अभ्युदय आश्रम की संचालिका अरुणा छारी ने अपने वक्तव्य में बताया कि समाज में वेश्यावृत्ति की प्रथा प्रचलन में थी, शासन द्वारा नियम कानून बनाए गए परंतु समाजसेवी संगठनों के साथ मिलकर काम करने पर इस प्रथा पर लगाम लगाई जा सकी। इसी तारतम में धरती संस्था के देवेंद्र भदोरिया द्वारा भी बाल विवाह की प्रथा पर संगठनों के द्वारा कार्य करने पर इस प्रथा को भी नियंत्रण किया जा रहा है। इसी प्रकार सभी संस्था प्रमुखों ने अपना-अपना परिचय दिया एवं किस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और कौन से कार्य को उत्कृष्ट करने पर मध्यप्रदेश में सम्मानित किए गए। सभी प्रमुखों ने बताया कि बहन जी द्वारा संस्था पर बुलाए जाने पर हम सभी ने शांति की अनुभूति की तथा केंद्र पर इस प्रकार से जो कार्य किए जा रहे हैं, उनकी प्रशंसा की और आश्वासन दिया कि हम सभी लोग इस आजादी अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों को अपने-अपने संगठनों में सफल क्रियान्वित करवाएंगे। अंत में सभी अतिथियों को रेखा बहन द्वारा सौगात भेंट की गई व सभी अतिथियों को स्वल्प आहार कर विदा किया।

## मुरैना शहर में खुलेंगे 13 संजीवनी क्लीनिक

**मुरैना।** शहरी क्षेत्र के लोगों को अब छोटी-छोटी बीमारियों के लिए जिला अस्पताल में दौड़-भाग नहीं करनी पड़ेगी। क्योंकि मुरैना शहर में 13 संजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे है, जहाँ छोटी-छोटी बीमारियों का ईलाज मिल सकेगा। शासन स्तर से मुरैना शहर में 13 स्थानों पर संजीवनी क्लीनिक खोलने की मंजूरी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इनके खोलने के लिए शहर में स्थानों को चिन्हित कर लिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अतरसुमा, मुरैनागांव, जौराखुर्द, सिद्धनगर, इस्लामपुरा, सिंघल बस्ती, उत्तमपुरा, रामनगर, तुल्सीपुरा, शिकारपुर, संजय कॉलोनी, न्यूआम पुरा, महाराजपुर आदि स्थानों पर जल्द संजीवनी क्लीनिक खोले जायेंगे। इनके खुलने के बाद लोगों को जिला अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में ईलाज के लिए भटकना नहीं पडेगा। शासन स्तर पर 20 से 25 हजार की आबादी पर मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे है। प्रत्येक संजीवनी क्लीनिक पर 01 डॉक्टर 02 स्टाफ नर्स, 01 फार्मासिस्ट, 1 लैब टेक्नीशियन आदि स्टाफ की उपलब्धता भी शासन की ओर से की जा रही है। जिससे लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले सके।



## आयुष्मान भारत निरामय योजना गिर्राज शाक्य के लिये बनी वरदान

**मुरैना।** आयुष्मान भारत निरामय योजना गिर्राज शर्मा के लिये वरदान बन गई है। मुरैना जिले के पहाड़गढ़ विकासखण्ड निवासी 40 वर्षीय गिर्राज पुत्र केदार सिंह शाक्य ने बताया कि 1 साल से हर्निया के दर्द से परेशान था। मैं खेती का कार्य करता हूं, मेरे परिवार में 6 सदस्य है। गिर्राज शाक्य ने बताया कि 23 अप्रैल को पहाड़गढ़ में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया, वहां मैंने सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. विक्रम सक्सेना को दिखाया तो उन्होंने मुझे जिला चिकित्सालय मुरैना में आने की सलाह दी। मैं जिला चिकित्सालय मुरैना आया और वहां मुझे 26 अप्रैल को भर्ती कर मेरी ई.सी.जी. ब्लड जांच, एक्सरे एवं हिमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। उसके बाद 28 अप्रैल को आयुष्मान कार्ड के द्वारा डॉ. विक्रम सक्सेना ने मेरा हर्निया का सफल ऑपरेशन कर दिया। गिर्राज शाक्य ने सरकार को धन्यवाद देते हुये कहा कि आयुष्मान योजना ऐसे ही चलती रहनी चाहिये, जिससे गरीबों को मदद मिल सके।



## पानी भरने को लेकर हुआ विवाद, युवक घायल

**मुरैना।** महुआ थाना क्षेत्र के बिहार का पुरा में शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। जिससे युवक के कुल्हाड़ी लगने से गंभीर चोट आई है, वहीं झगड़े में महिला के हाथ की उंगली में चोट आई है, जिन्हें पोरसा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के बिहार का पुरा निवासी सुनीता देवी (40) पति वृंदावन ने बताया कि गांव के ही सनेही निषाद के घर के बाहर लगे सरकारी हैंड पंप में पानी भरने गई थी। उसी दौरान भूदेवी निषाद, रूपनवती निषाद ने पानी भरने से मना किया। उसने बताया कि जग मैंने पानी भरने की बोला तो इतने में मेरे बर्तन फेंक दिए और वह सभी लोग कुल्हाड़ी लेकर आए और उन्होंने मेरी मारपीट शुरु कर दी। जब मेरा भतीजा सतीश निषाद मुझे बचाने आया तो उन्होंने उसकी भी मारपीट कर दी। घटना में सुनीता निषाद व सतीश निषाद के गंभीर चोट आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए पोरसा शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां घायलों का इलाज जारी है। उक्त मामले में महुआ थाना पुलिस ने मारपीट का मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# मायके में न्यौता खाने आई बुजुर्ग महिला से ठगों ने चकमा देकर छीने जेवर

**अंबाह।** मुरार ग्वालियर की निवासी श्रीमती शकुंतला देवी जैन पत्नी लीलाधर जैन शुक्रवार को अपने भाई के घर निमंत्रण खाने के लिए ग्वालियर से अंबाह आई थी, उसी दौरान लगभग 11 बजे पोरसा चौराहे पर वह बस से उतरी बस से उतरने के बाद उन्हें एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी दिखी, गाड़ी के ड्राइवर ने उनसे पूछा कि आप कहां जाओगी तो शकुंतला देवी ने बताया कि मुझे सदर बाजार जैन गली की तरफ जाना है तब वाहन चालक बोला हम भी उधर ही जा रहे हैं, हम तुम्हें वहां छोड़ देंगे, जिसके बाद शकुंतला देवी उस गाड़ी में बैठ गई। गाड़ी के कुछ दूरी तक चलने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी को रोक दिया और कहा कि आगे गांजा-चरस की जांच चल रही है। इसलिए आप अपने सोने की जेवर या पैसे लिफाफे में डाल दो ताकि तुम्हें कोई परेशान नहीं करेगा, नहीं तो पुलिस वाले परेशान करेंगे। शकुंतला देवी ने अनुसार उनके साथ-साथ दो अन्य लोग जो गाड़ी में बैठे थे, उन्होंने 5-5 हजार रुपये लिफाफे में डाल दिये तब स्वयं शकुंतला देवी ने अपनी सोने की चार अंगूठी, एक जंजीर, एक मंगलसूत्र लिफाफे में डाल दिया और अपना नाम लिखकर लिफाफा पैक कर दिया। थोड़ी दूर चलने के बाद शकुंतला देवी को वाहन चालक ने उतार दिया और लिफाफा वापस कर दिया, उन्होंने जब लिफाफा खोला तो उसमें नकली जेवरात निकले। इसकी जानकारी उन्होंने फोन पर अपने भाई के लड़के गौरव को दी, जिसके बाद पूरा मामला



समझने के उपरांत उन्होंने पुलिस थाने में जाकर अज्ञात ठगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर आवेदन दिया है।

## पहाड़गढ़ विकासखण्ड की 3 पंचारातों के 4 ग्रामों में 15 जून तक होगा पेराजल परिवहनः कलेक्टर

**मुरैना।** ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखते हुये पहाड़गढ़ विकासखण्ड की 3 पंचायतों के 4 ग्रामों में पेयजल परिवहन की व्यवस्था करने के आदेश कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जारी किये है। जिसमें पेयजल परिवहन 26 अप्रैल से शुरू किया जा चुका है, जो 15 जून 2022 तक किया जायेगा। जानकारी में बताया गया है कि पहाड़गढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत निचली बहराई के आदिवासी बस्ती, ग्राम पंचायत धौंधा के देवरा व शिकारीपुरा, ग्राम पंचायत पहाड़गढ़ के ग्राम जांजीपुरा में पेयजल परिवहन किया जायेगा। निर्देशों में बताया है कि पेयजल परिवहन 15 जून तक किया जाना है। जिसकी जानकारी 7 दिवस के अंदर लॉगबुक, बिल व्हाउचर, संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तैयार प्रस्तुत किये जाने है। जिसमें कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सहायक यंत्री, उपयंत्री, लोक स्वास्थ्य विभाग, सरपंच, सचिव, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक एवं अनुविभागीय अधिकारी जौरा से प्रमाणित करायी जाकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से राजस्व लेखा शाखा में प्रस्तुत किये जावेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल परिवहन में लगाये गये वाहन, टेंकर लॉगबुक के साथ प्रस्तुत किये जायेंगे।

# हाईस्कूल एवं इंटर के मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा आनन्दनम् स्वर्ण पदक


### मेधावी विद्यार्थियों के माता पिता का भी होगा सम्मान, 15 मई तक विद्यार्थी कर सकेंगे आवेदन




**अम्बाह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल और इंटर में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले अंबाह अंचल के सभी मेधावी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता का सम्मान आचार्य आनंद क्लब द्वारा ब्राइट कैरियर एकेडमी के सहयोग से समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ सुधीर आचार्य और अरविंद मावई ने बताया कि विद्यार्थियों में स्वाध्याय एवं पठन-पाठन के प्रति उत्साह और जागरूकता पैदा करने के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग से संबंध आचार्य आनंद क्लब द्वारा शैक्षणिक संस्था ब्राइट कैरियर एकेडमी के सौजन्य से लगभग 400 मेधावी विद्यार्थियों को आनंदम स्वर्ण पदक समारोह पूर्वक प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी सम्मान किया जाएगा। विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विद्वानजन उपस्थित रहेंगे।

### 15 मई से पूर्व करना होगा आवेदन

बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले हाईस्कूल और इंटर के मेधावी विद्यार्थियों को ब्राइट कैरियर स्कूल में पहुंचकर अंकसूची की फोटोकॉपी जमा करनी होगी और आवेदन भरना होगा। यह प्रक्रिया पूर्णता निःशुल्क है। आवेदन प्राप्त विद्यार्थियों को ही मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में शामिल किया जा सकेगा।




# जनकल्याण की भावना को लेकर शांति विधान का हुआ आयोजन

**अंबाह।** परेड चौराहा स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार को जन कल्याण की भावना के साथ धन्नालाल जैन, ओपी जैन, मनीष जैन व्दारा विधि विधान से भगवान शांतिनाथ को समर्पित शांति विधान का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीजी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। पंडित मुकेश कुमार ने विधान का महत्व बताया। सुबह छः बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। पंडित मुकेश शास्त्री के सानिध्य में श्रीजी के अभिषेक उपरांत भगवान शांतिनाथ का विधान संपन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के जयकारे लगाए। विधान के दौरान मंदिर का वातावरण



भक्तिमय हो गया। पंडित मुकेश कुमार ने कहा कि सभी धार्मिक और अनुष्ठान में भगवान शांतिनाथ की पूजा अर्चना की जाती है, क्योंकि 16 तीर्थकर भगवान में शांतिनाथ का शासन काल सबसे ज्यादा समय का रहा। भगवान के अभिषेक के बाद शांति धारा कराई जाती है। पूजा स्थापना के बाद विधान होता है, जिसमें भगवान शांतिनाथ का स्मरण किया जाता है। पूजा का विसर्जन किया जाता है, तब शांति धारा विसर्जन किया जाता है। धार्मिक आयोजन में शांति विधान की अपनी अलग महिमा है।

# जीर्ण-शीर्ण चेकडैम के जीर्णोद्धार होने से 25 किसानों को मिलेगा दोहरा लाभ

### डागरिया पुरा में चेकडेम बनने से भू-जल स्तर में होगी वृद्धि

**मुरैना।** मुरैना जिले की जनपद जौरा में 61 कार्यों का चिन्हांकन पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान अंतर्गत कार्यों के जीर्णोद्धार के लिए किया गया, जिसमें सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। जिनका लाभ संबधित पंचायतों के किसानों को वरदान के रूप में मिलेगा।

जनपद सीईओ जौरा गिर्राज शर्मा ने बताया कि जौरा जनपद की नितहरा पंचायत के डागरिया का पुरा में एक चेक डेम जीर्णशीर्ण हालत में था, जिसका स्थल निरीक्षण उपयंत्री दुर्गेश दीक्षित के द्वारा सरपंच, सचिव, जीआरएस के साथ किया गया। उसके बाद अभियान के रूप में



इसका जीर्णोधार का कार्य किया गया। जिसे अब पूर्ण कर लिया गया है। डागरिया पूरा के किसान हकीम सिंह, हरिकंठ, पुत्तू लाल, कृष्ण सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने बताया कि इस चेक डेम के बनने से 25 किसानों को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इस चेकडेम के मरम्मत में 6 लाख रूपये खर्चा आया है। निकट भविष्य में डागरिया का पुरा का जलस्तर भी बढ़ेगा। इसमें 13500 क्यूसेक मीटर तक जल संधारण किया जा सकेगा।

### इनका कहना है -

कृषक हाकिम ने बताया कि चेकड़म मरम्मत होने से निश्चित ही हमारी फसल को लाभ होगा। अब गांव का जल स्तर भी बढ़ जायेगा। जनपद जौरा में अभियान के रूप में 61 कार्यों को पूर्ण किया गया है। जिसमें 60 तालाब एवं 1 चेकडेम का कार्य है। निश्चित ही इन पंचायतों के किसानों को लाभ मिलेगा और जल स्तर एकदम से बढ़ जाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाल करने वाले राज्यो के कर्मचारियों का एन.पी.एस. मैं जमा पैसा ना देना हड़प नीतिः जनक सिंह रावत

## राज्यों के साथ केंद्र के खिलाफ भी होगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**-पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि राजस्थान ,छत्तीसगढ़ सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल कर दिया गया है लेकिन 1 जनवरी 2004-5 से इन कर्मचारियों का 10त्न अंशदान एवं सरकार द्वारा दिया गया अंशदान पी.एफ.आर.डी.ए. मैं जमा होता था जिसको अनेक कंपनियों में निवेश किया गया था जब राजस्थान सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई है तो उन कर्मचारियों का लाखों रुपए उनके जीपीएफ में जमा करना चाहिए लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा लिखे गए पत्र के जवाब में पीएफआरडीए द्वारा बताएगा कि एनपीएस में जो कर्मचारियों का पैसा जमा है उसे वापस करने का कोई प्रावधान नहीं है राजस्थान के कर्मचारियों का 39 हजार करोड़ रुपए जमा है जिसको देने में केंद्र सरकार द्वारा इस तरह इंकार करना हड़प नीति हैद्य सरकार द्वारा इस राशि को जीपीएफ में शिफ्ट करने के लिए राजस्थान वित्त विभाग ने 21 अप्रैल को पीएफआरडीए को पत्र लिखकर बताया कि राज्य सरकार ने जनवरी 2004 से अपने कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू कर दी है। इसलिए कर्मचारियों की राशि एनपीएस में जमा हैउसको कर्मचारियों के जी पी एफ मैं जमा करना चाहती है।इसके जवाब मैंकेंद्र सरकार ने कहा है कि %पीएफआरडीए एक्ट 2013 व एनपीएस योजना के तहत राज्यांश व कर्मचारी के अंश की जमा राशि को राज्य सरकार की रेवेन्यू रिग्वीड में लौटाने का कोई प्रावधान नहीं है।÷ इससे राज्य सरकार एवं कर्मचारियों को जबरदस्त झटका लगा है क्योंकि यह राशि कर्मचारियों के वेतन से जमा की गई थी इससे कर्मचारी निराश है और इसको हड़प नीति कहां जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी इसके बाद राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जा सकती हैं और कर्मचारी केंद्र सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे द्य

### क्क्त्रस्न्नह्र में जमा राशि विड्रॉ कर कर्मचारियों के त्र्क्क्स्न खाते में ट्रांसफर करना चाहती थी सरकार

न्यू पेंशन स्कीम फंड में जमा ?39 हजार करोड़ लौटाने से क्क्त्रस्न्नह्र का इनकार, कहा- ऐसा कोई प्रावधान नहीं न्यू पेंशन स्कीम में सेवानिवृत्ति से पहले मृत्यु होने पर 80त्न राशि जमा कर ली जाती है 20त्न नगद कर्मचारी के परिवार को दी जाती है एवं सेवानिवृत्ति के बाद 60त्न राशि कर्मचारी को दी जाती है 40त्न राशि का पेंशन प्लान दे दिया जाता है जिसे प्राइवेट कंपनी पेंशन देगी यह स्कीम लॉर्ड डलहौजी की हड़प नीति जैसी है

# मायके में न्यौता खाने आई बुजुर्ग महिला से ठगों ने चकमा देकर जेवर छीने

गणेश शंकर राजोरिया

**पुष्पांजलि टुडे**



**अंबाह।** मुरार ग्वालियर की निवासी श्रीमती शकुंतला देवी जैन पत्नी लीलाधर जैन शुक्रवार को अपने भाई के घर निमंत्रण खाने के लिए ग्वालियर से अंबाह आई थी उसी दौरान लगभग 11ः00 बजे पोरसा चौराहे पर वह बस से उतरी बस से उतरने के बाद उन्हें एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी दिखी गाड़ी के ड्राइवर ने उनसे पूछा कि आप कहां जाओगी तो शकुंतला देवी ने बताया कि मुझे सदर बाजार जैन गली की तरफ जाना है तब वाहन चालक बोला हम भी उधर ही जा रहे हैं हम तुम्हें वहां छोड़ देंगे जिसके बाद शकुंतला देवी उस गाड़ी में बैठ गई गाड़ी के कुछ दूरी तक चलने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी को रोक दिया और कहा कि आगे गांजा चरस की जांच चल रही है इसलिए आप अपने सोने की जेवर या पैसे लिफाफा में डाल दो ताकि तुम्हें कोई परेशान नहीं करेगा नहीं तो पुलिस वाले परेशान करेंगे शकुंतला देवी ने बताया कि उनके साथ साथ दो अन्य लोग जो गाड़ी में बैठे थे उन्होंने पांच पाँच हजार रुपये लिफाफा में डाल दिये तब स्वयं शकुंतला देवी ने अपनी सोने की चार अंगूठी, एक जंजीर, एक मंगलसूत्र लिफाफे में डाल दिया और अपना नाम लिखकर लिफाफा पैक कर दिया थोड़ी दूर चलने के बाद शकुंतला देवी को वाहन चालक ने उतार दिया और लिफाफा वापस कर दिया उन्होंने जब लिफाफा खोला तो उसमें नकली जेवरात निकले इसकी जानकारी उन्होंने फोन पर अपने भाई के लड़के गौरव को दी जिसके बाद पूरा मामला समझने के उपरांत उन्होंने पुलिस थाने में जाकर अज्ञात ठगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर आवेदन दिया है

# धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के भव्य बधावा में उमड़े श्रद्धालु




**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** ः- गांव गुडांगरी मे आई माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के महोत्सव के शुभ अवसर पर सीरवी समाज के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह का व आई माताजी धर्म रथ भैल का बधावा किया गया। आई माताजी का धर्म रथ भैल का भव्य बधावा में श्रद्धालुओं ने आई माताजी के जयकारें लगाए इस अवसर पर बधावा कार्यक्रम मे गुडांगरी गांव के चौताला के सभी पंचगण एंव बड़ी संख्या में समाज बन्धु और पदाकारी मौजूद थे ।बधावा में आसपास गांव की गैर नृत्य के साथ दीवान साहब का बधावा किया। कल सुबह 9ः00 बजे प्राण प्रतिष्ठा होगी उसके बाद धर्मगुरु दीवान साहब व बाबा मंडली के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान होगा ।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 9 से 15 तक

**गोहद** -तहसील के ग्राम कंचनपुर मैं 9 मई से 15 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है इस भागवत कथा में कथावाचक शांतिदूत पंडित देवकीनंदन ठाकुर कथा का रसपान करायेंगे इस भागवत कथा की कलश यात्रा 9 मई को प्रारंभ होगी कथा के परीक्षत गजेंद्र सिंह कौरव द्वारा कथा का रसपान किया जायेगा जिसके लिए बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है समस्त ग्रामीण प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं लाकडाउन के बाद यह बड़ा आयोजन भव्यता के साथ किया जा रहा है जिसमें दूर दराज के लोग भी शामिल होकर कथा का रसपान करेंगे 9 मई को कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें 108 कुण्डीय विष्णु महा यज्ञ, सप्तशती पाठ,श्रीमद भागवत कथा,एवं सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा 16 मई को विशाल भंडारा आयोजित होगा कार्यक्रम स्थल भिंड ग्वालियर मार्ग से बाराहेड की ओर लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर है



### बच्चो के जीवन मे कलात्मक निखार लाना हमारा उद्देश्य-अंजलि सक्सेना



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूली छात्र अपने पाठ्यक्रम से हटकर समय का सदुपयोग करने मे लग गए हैं। नन्हे नौनिहालों की परीक्षा समाप्त होते ही उन्होंने पेंटिंग रंगोली फन एंड गेम्स मेहंदी आर्ट एंड क्राफ्ट डांस कराटे आदि सीखने के लिए आर्टिस्ट अंजलि सक्सेना के नेतृत्व में संचालित किड्स समर कैंप में हिस्सा लिया। समर कैंप का भव्य शुभारंभ 5 मई से हुआ जो आगामी 6 जून तक चलेगा। जिसमें इसके अंतर्गत आने वाले कलात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों में बच्चे हिस्सा लेंगे।समर कैंप की संचालक अंजलि सक्सेना ने बताया कि यह समर कैंप लगभग 1 महीने चलेगा जिसमें गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के समय का सदुपयोग होगा और उनके जीवन में कलात्मक निखार लाने के लिए इस प्रकार के आयोजन रखना हमारा उद्देश्य है।एक महीने पश्चात जो बच्चे बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।अंजलि सक्सेना बताती हैं कि उनका प्रयास है शहर के अधिकांश विद्यालयों में वह इस प्रकार की गतिविधियां कराएंगे।

# श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चंबल जोन द्वारा किया गया मेहगांव थाना का औचक निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**बृजपाल सीटू सिंह गुर्जर**

श्रीमान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजेश चावला जी द्वारा दिनांक 05.05.2022 को अचानक मेहगांव थाना पहुंचे जहा उन्होंने मेहगांव थाने का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी डीबीएस तोमर से अपराध और अपराधियों के संबंध में जानकारी हासिल की तथा थाना का माल खाना, आर्म्स एमूनेशन, बलवा ड्रिल, टियर गैस का सामान चेक किया गया तथा थाने में समस्त आपराधिक रजिस्टर की जांच की और थाना क्षेत्र मैं फरार इनामी बदमाशों की लिस्ट मांगी, साथी ही तत्काल गिरफ्तारी करने के निर्देश भी दिए तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी को समझाइश दी गई कि बलवा ड्रिल की सामग्री पर्याप्त मात्रा में अपने साथ लेकर चलें एवं पुलिस अधिकारी एव पुलिस कर्मचारियों को बेहतर पुलिसिंग करने के लिए निर्देश दिए गए। उक्त समस्त कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक महोदय शैलेंद्र सिंह चौहान भी उनके साथ उपस्थित रहे





# डीन मेडिकल कॉलेज ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग का कीया औचक निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे समाचार**

**दतिया।** अटेंडर्स के लिए पास सिस्टम चालू करने के लिए सिविल सर्जन को दिए निर्देश ओपीडी से अनुपस्थित डॉ निधि अग्रवाल सहायक प्राध्यापक स्त्री रोग विभाग को जारी किया जाएगा कारण बताओ नोटिस आज दिनांक 06 मई को डीन दतिया मेडिकल कॉलेज ने , सीएचएमओ डॉ कुरेले, अधीक्षक अर्जुन सिंह और सिबिल सर्जन डॉ के सी राठौड़ और सहायक अधीक्षक डॉ सचिन यादव के साथ मैटरनिटी का औचक दौरा किया । इस दौरान महिला वार्डस के आसपास पुरुष अटेंडर्स बहुत ज्यादा संख्या में पाए गए ,जिस पर डीन डॉ उदेनिया ने सिविल सर्जन को सुरक्षा व्यवस्था सुधारने एवं अटेंडर्स के लिए पास के द्वारा प्रवेश देने की व्यवस्था करने को कहा। मैटरनिटी के विभिन्न विभागों के साथ साथ टीकाकरण केंद्र , एएनसी क्लिनिक, लेबर रूम, पोस्ट नेटल वार्ड इत्यादि का भी दौरा किया और विभागाध्यक्ष डॉ श्वेता यादव को सुविधाएं और बेहतर करने के निर्देश दिये।



इसके अलावा डीन डॉ उदेनिया ने मैटरनिटी की व्यवस्था भी देखी , इस दौरान स्त्रीरोग विभाग की ओपीड़ी से डॉ निधि अग्रवाल अनुपस्थित मिली , जिसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह को दिए

# बाघ संरक्षण एवं ग्रामीण विकास समिति स.मा. के तत्वाधान में मिशन बीट प्लास्टिक रणथम्भोर अभियान

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**राजस्थान।** रणथंभौर पार्क से सटे गांव कुतलपुरा मालियान में गांव वासियो को पॉलीथीन कैरी बैग्स का बहिष्कार करने की अपील कर कपड़े के बैग्स वितरित किये गए तथा गांववासियों को प्लास्टिक व पॉलिथीन से होने वाले दुष्परिणामो की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पिछले करीब 3 वर्षो से संस्था रणथम्भोर परिक्षेत्र को प्लास्टिक व पॉलीथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से निःस्वार्थ भाव के साथ धरातल पर लगातार कार्य कर रही है । जिसके तहत साप्ताहिक साफ सफाई अभियान , बुधवार व शुक्रवार को गांव गांव जाकर स्कूली छात्र छात्राओं व गांववासियों को जागरूक किया जाता है इसके अतिरिक्त रणथम्भोर परिक्षेत्र में स्थित मंदिरों व पर्यटन स्थलों पर कपड़े के बैग्स वितरित किये जाते है । इस अवसर पर संस्था के सदस्य रामावतार सैनी , दिलखुश सैनी , विमलेश सैनी , कमलेश सैनी , राजेश सैनी , सोनू सैनी , दीपक कुतलपुरा , लोकेश सैनी , डीके , विष्णु सैनी माधोसिंहपूरा व रूप सिंह मीना आदि मौजूद थे .



# मुरैना एसपी आसुतोस बागरी ने क्राइम मीटिग में दिये कडे निर्देश...

### गुण्डा मबाली माफिया किसी भी सूरत में नही बक्से जाये नही तो नपेगे थाना प्रभारी...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना** ...कल की पुलिस क्राइम मीटिग में पुलिस अधीक्षक आसुतोस बागरी ने थाना प्रभारियो को लास्ट बॉरिनिग दी है किसी भी थाने में अपराधो मे पेंडेसी पाई गई तो थाना प्रभारी कारबाई निश्चित समझे अब वो दिन दूर नही मुरैना फिर अपराध हीन होगा श्री बागरी ने कहा कि मुरैना में कोई कितना बडा आदमी क्यो न हो यदि कानून का उल्लगन करते पाया गया तो पुलिसिया कारबाई से बिल्कुल नही बचेगा महिलाओ बालिकाओ की सुरक्षा के साथ जिले की कानून ब्यबस्था बनाये रखना उनकी पहली प्राथमिकता है उक्त बाते मुरैना के पुलिस कप्तान आसुतौष बागरी ने कल क्राइम मीटिग में कडे शब्दो में कही मुरैना में क्राइम व माफियो का बोलबाला ज्यादा सुनने में आया है जो कि ऐसे मुद्दे को लेकर आये दिन परेशानी आती है जिसकी जानकारी मुझे अपने बिश्बसनीय सूत्रो मिली है सभी थाना प्रभारी अपने अपने थानो में ध्यान दे अच्छे कार्य पर पुरूस्कृति किया जाबेगा नही तो लाइन जाना सुनिस्चित समझे जिस पर सही तरीके पुलिसिग करेगे...






**नपेगे थाना प्रभारी...** एसपी आसुतोस बागरी ने कहा सभी थाना प्रभारियो को सचेत किया जायेगा कि काम में लापरबाही बर्दाशत नही होगी और थाना बिहीन थानो मे फ्रेस टीआई जल्द पोस्टिग की जाबेगी जिस टीआई के क्षैत्र में अबैध कारोवार जैसे रेत सट्टा जुआ शराब को लेकर शोहरत की भनक मिली तो थाना प्रभारी व वीट प्रभारी समझो पुलिसिया गाज जरूर गिरेगी आरौपियो को संरक्षण दैने बाले पुलिस क्रमियो को नही बक्सा जायेगा इसलिये बेहतर होगा कि अपने अपने काम में ध्यान दे और जनता के बिश्बाश में खरे उतरे मुरैना जिले के थानो में आवेदनो पर200--300 रूपये बाली शिकायते या चौराहे या कही अबैध बसूली मिली तो प्रभारी पर ही कारबाही निश्चित समझे में मीटिग के दौरान बागरी साहब ने बताया बहाने बाजी चालाकी का कोई काम नही है मे यहा से पहले से बाकिव हू मेरे अति बिश्बनीय मुखबिर तन्तु जिले के कौने कोने में है चाहे अम्बाह पोरसा महुआ नगरा उसैथ दिमनी सिहोनिया मिरघान रिठौरा नूराबाद बामौर बागचीनी देवगढ रामपुर जौरा कैलारस पहाडगढ निरार आदि सभी जगहो पर है गल्त की सोचे भी तक नही नही परिणाम भुगतने को तैयार रहै...

# पूर्व विधायक राठौड़ ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

**पुष्पांजलि टुडे। पाली**

**पाली।** पूर्व सरकारी उप मुख्य सचेतक एवं सुमेरपुर पूर्व विधायक मदन राठौड ने गुरूवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के दुजाना, गुड़िया, बलाना, तखतगढ, कोसेलाव एंव बांगड़ी गांवों का दौरा कर इस भीषण गर्मी में नागरिकों एवम पशुओं की पेयजल समस्या के निवारण के प्रयास किए। राठौड़ ने जिला कलेक्टर नमित मेहता, जलदाय व विधुत विभाग के अधिशाषी अधिकारियों से इन गांवों में पेयजल के अभाव में उत्पन्न हुई भयाबय स्थिति से अवगत करवाते हुए दूरभाष से बात कर स्थानीय मांग अनुसार नए टयुबवेल खोदने, कोसेलाव, बलाना में खुदवाऐं गए ट्यूबवेल को तत्काल कमीशण्ड करने का आग्रह किया एवम दुजाना वाटरवर्क्स परिसर में उनकी मांग पर खोदे गए दो नए ट्यूबवेल के लिए प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व विधायक ने सभी गांवों में ग्रामिणजनां को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही जल संकट को दूर किया जा सकता है, उन्होनें कहाकि कुछ ग्राम पंचायतें सरकार के स्पष्ट आदेश के बाबजूद पेयजल के लिए टैंकरों का उपयोग नही कर रही है, जिससे वहां के नागरिकों एंव गायों सहित अन्य मूक पशुओं को अवालों में पेयजल के अभाव में भारी परेशानी हो रही है। राठौड़ ने तखतगढ़ एंव सुमेरपुर पंचायत समिति क्षेत्र के इन गांवों में सभी भामाशाह परिवारों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया जो ऐसे विपरित समय में सेवा की भावना से आगे आकर टैकर्स के माध्यम से गांवों में गायों एवं मूक पशुओं के लिए सार्वजनिक अवालों में पानी भरवा रहे है।



# महाराणा प्रताप जी जन्म जयंती 9 मई को

महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया रविवार विक्रम संवत 1597 तदनुसार 9 मई 1540 को मेवाड के सिसोदिया राजपूत राजवंश मे हुआ था। उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है।उनका जन्म वर्तमान राजस्थान के कुम्भलगढ़ में महाराणा उदयसिंह एवं माता रानी जयवन्ताबाई के घर हुआ था। लेखक जेम्स टॉड के अनुसार महाराणा प्रताप का जन्म मेवाड़ के कुम्भलगढ में हुआ था। इतिहासकार विजय नाहर के अनुसार राजपूत समाज की परंपरा व महाराणा प्रताप की जन्म कुण्डली व कालगणना के अनुसार महाराणा प्रताप का जन्म पाली के राजमहलों में हुआ।उन्होंने मुगलों के खिलाफ कई लड़ाई लड़ी, लेकिन उनमें से सबसे कठिन हल्दीघाटी की लड़ाई थी, जो 18 जून, 1576 को हुई थी। उनका नाम बहादुरी का पर्याय है और प्रताप की जन्मदिन को मनाने के लिए एक दिन के रूप में चिह्नित किया जाता है। उनकी वीरता और साहस ने उनके रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को टाल दिया ।भारत के महान योद्धा महाराणा प्रताप ऐसे शूरवीर थे, जिन्हें दुश्मन भी सलाम करते थे। वह मेवाड़ में सिसौदिया राजपूत राजवंश के राजा थे। उन्होंने आखिरी सांस तक मेवाड़ की रक्षा की। उनका पूरा नाम महाराणा प्रताप सिंह सिसौदिया था। उनका जन्म मेवाड़ में हुआ। बचपन में उन्हें कीका नाम से पुकारा जाता था। महाराणा प्रताप को भारत का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भी कहा जाता है। उनका कद 7 फीट 5 इंच था। उनके भाले का वजन 80 किलो था। उनकी दो तलवारें जिनका वजन 208 किलोग्राम और उनका कवच 72 किलोग्राम का था। युद्ध के समय महाराणा प्रताप दो तलवार रखते थे। यदि उनके दुश्मन के पास तलवार नहीं होती थी तो वह उसे अपनी एक तलवार देते थे जिससे युद्ध बराबरी का हो।



हल्दीघाटी युद्ध में मेवाड़ की सेना का नेतृत्व महाराणा प्रताप ने किया। हकीम खां सूरी, हल्दी घाटी युद्ध में महाराणा प्रताप की तरफ से लड़ने वाले एकमात्र मुस्लिम सरदार थे। इस युद्ध को 80 हजार की मुगल सेना के खिलाफ मात्र 22 हजार की सेना के साथ महाराणा प्रताप ने बहुत बहादुरी से लड़ा। इस युद्ध में न अकबर की जीत हुई और न ही महाराणा प्रताप की। हल्दी घाटी युद्ध के 300 साल बाद भी उस जगह से तलवारें पाई गईं। महाराणा प्रताप 20 वर्ष तक मेवाड़ के जंगल में घूमते रहे। मायरा की गुफा में उन्होंने कई दिनों तक घास की रोटियां खाकर वक्त गुजारा। कहा जाता है कि उनकी मृत्यु पर अकबर भी रो पड़ा था। मरने से पहले महाराणा प्रताप ने अपना खोया हुआ 85 प्रतिशत मेवाड़ फिर से जीत लिया था। उनका घोड़ा चेतक वफादारी के लिए जाना जाता है। महाराणा प्रताप के पास चेतक के साथ प्रिय हाथी रामप्रसाद भी था। महाराणा प्रताप ने जब महलों का त्याग किया तब उनके साथ लोहार जाति के हजारों लोगों ने भी घर छोड़ा और दिन-रात उनकी फौज के लिए तलवारें बनाई।भारतीय इतिहास में मेवाड़ोद्धारक दानवीर भामाशाह का नाम बड़े ही गौरव के साथ लिया जाता है। भामाशाह स्वामिभक्त एवं दानवीर होने के साथ–साथ जैनधर्म के परम श्रद्धालु श्रावक थे। हल्दी घाटी के युद्ध में पराजित महाराणा प्रताप के लिए उन्होंने अपनी निजी सम्पत्ति में इतना धन दान दिया था कि जिससे 25000 सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। प्राप्त सहयोग से महाराणा प्रताप में नया उत्साह उत्पन्न हुआ और उनने पुनः सैन्य शक्ति संगठित कर मुगल शासकों को पराजित कर फिर से मेवाड़ का राज्य प्राप्त किया। राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अद्भुत शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जन्म जयंती पर उन्हें मेरा सादर नमन7

# तामीलनाडु व्यापारियों संगठन ने 39 वा. दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**चैन्नई** – शुक्रवार तामीलनाडु व्यापारीयो ने 39वा. व्यापारी दिवस 5मई 2022 को बड़ी धूमधाम से मनाया गया । ये कार्यक्रम कुवातुर मे रखा गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे भारतीय उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयप्रकाश जैन राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द भारतीय उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम उत्तर प्रदेश भारतीय उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एस. मुकुन्द मिश्रा तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सहसचिव कल्याणराम सीरवी मोहनलाल सीरवी तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन तिरुपोरुर तालुक प्रभारी ओ. पुखराज लेरचा ने भाग लिया।

## कोयला ले जा रहीं मालगाड़ी के ब्रेक हो रहे फेल, जांच करने लखनऊ से आई टीम

**जबलपुर।** कोयले की कमी से जूझ रहे पावर प्लांट तक लगातार कोयला पहुंचाया जा रहा है। कोयला ले जाने के दौरान कई मालगाड़ियों के ब्रेक फेल हो रहे हैं। हाल ही में जबलपुर रेल मंडल की सीमा में चलने वाली चार मालगाड़ियों में ऐसी छह घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें इंजन ड्राइवर द्वारा ब्रेक लगाने के बाद भी मालगाड़ी नहीं रुकी। इन घटना से घबराए ट्रेन ड्राइवरों ने इन मालगाड़ियों को चलाने से मना कर दिया। इधर, पश्चिम मध्य रेलवे की यूनियन ने इन घटनाओं को रेलवे की सुरक्षा में बड़ी चूक बताते हुए इन मालगाड़ी के रैक की जांच करने की मांग की, जिसके बाद लखनऊ से रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्डस आर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम जबलपुर रेल मंडल आकर इन रैक की जांच कर रही है। जबलपुर रेल मंडल के आपरेटिंग विभाग द्वारा पावर प्लांट तक कोयला पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में मालगाड़ी चलाई जा रही हैं। रैक की कमी को देखते हुए रेलवे ने निजी कंपनी से भी रैक लिए हैं। इस कंपनी के चार रैक (हर रैक में 58 कोच हैं) में पिछले दिनों ब्रेक फेल होने घटनाएं हुई। जिस मालगाड़ी को ब्रेक लगाने के बाद 800 से 900 मीटर पर आकर रुकना था, वह पांच किमी के बाद रुकीं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि इन कोचों में लगाए गए ब्रेक में गड़बड़ी है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री के सुपुत्र प्रबल प्रताप सिंह तोमर रघु भैया से श्यामू ठाकुर ने की मुलाकात

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के सुपुत्र युवाओं के अति प्रिय प्रबल प्रताप सिंह तोमर रघु भैया से भोपाल शासकीय आवास पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी जिला दतिया के सोशल मीडिया प्रभारी



एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने आत्मीय मुलाकात की इस दौरान रघु भैया का अपार स्नेह प्राप्त हुआ भैया और श्यामू ठाकुर की लगभग 30 मिनट तक चली चर्चा के दौरान युवाओं के लिए कई विषयों पर चर्चा हुई वहीं रघु भैया ने श्यामू ठाकुर से सेवड़ा क्षेत्र की कुछ समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की एवं रघु भैया ने श्यामू ठाकुर को दिल्ली बुलाया है जिस पर युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले और जल्द ही रघु भैया का सनक सनंदन सनातन सनत कुमार की तपोभूमि संकुआ धाम पर आने का आश्वासन दिया और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही।

## ट्रैक्टरों में ओवरलोड भूसा, ले जाया जा रहा है दुर्घटना का बन रहा है कारण।



**पुष्पांजली टुडे**

**दिनारा।** झांसी शिवपुरी एनएच 27 से गुजरते हैं ओवरलोड ट्रैक्टर जोकि ओवरलोड ट्रैक्टर के कारण साइड में जगह नहीं पचती है इसलिए ओवरलोड ट्रैक्टर से कभी भी जनहानि हो सकती है। ग्रामीण अंचल से बाहर के व्यापारी आते हैं भूसा खरीद के ओवरलोड ट्रैक्टर दे जाते हैं चाहे वह एनएच हो या लोकल रोड सारी गाड़ियां इसी तरह की निकलती है खास बात तो यह है की जो बाहर के व्यापारी भूसा खरीदने ग्रामीण अंचल में आते हैं और ओवरलोड ट्रैक्टर पिक अप आदि धड़ल्ले से ले आते हैं उनके मन में जरा सी भी वह नहीं होता क्योंकि कोई कहने वाला नहीं है

# अंबाह मैं अवैध कब्जाधारियों पर चलाया बुलडोजर मुक्त कराई प्रधानमंत्री आवास की भूमि

**गणेश शंकर राजोरिया**

**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर मैं बनी बड़ी पानी की टंकी के पीछे कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री आवास की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया लोगो द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत जब अधिकारियों को दी गई जिसे अधिकारियों द्वारा सज्ञान मैं लिया गया और प्रधानमंत्री आवास की जमीन पर पहुंचकर देखा तो वहां पर अवैध कब्जा पाया गया जिसे प्रशासन के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर भूमि को







मुक्त कराया गया इस दौरान तहसीलदार राजकुमार नागोरिया,अंबाह नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा,पटवारी शिवमोहन सिंह तोमर, सब इसपेक्टर पार्थ सिंह परिहार ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया अगर ऐसे ही प्रशासनिक अधिकारी अपने दायित्वों को निभाते रहे तो नगर वासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े समाज मैं कोई समस्या न रहे सभी बिना समस्या के खुश रहे प्रेम से रहे न झगड़ा हो न बैर हो

# तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे से मिले सिंगापुर के काउंसल जनरल

**भोपाल।** तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया से सिंगापुर के काउंसल जनरल शियोंग मिंग फुंग ने सौजन्य भेंट की। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि सिंगापुर से हमेशा सीखने का अनुभव मिलता है। भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का निर्माणाधीन ग्लोबल स्किल्स पार्क सिंगापुर की तर्ज पर ही बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सिंगापुर यात्रा के दौरान ही प्रदेश में ग्लोबल स्किल्स पार्क बनाने का निर्णय लिया गया।

मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल स्किल पार्क के बन जाने के बाद प्रदेश के स्किल्ड युवाओं को ग्लोबल पहचान मिल सकेगी। जीएसपी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ड्रीम प्रोजेक्ट है। युवाओं के कौशल को विकसित कर



उन्हें आत्म-निर्भर बनाना ही राज्य शासन की प्राथमिकता है। सिंगापुर के काउंसल जनरल फुंग ने कहा की किसी भी राज्य की सफलता उसके अधोसंरचना विकास पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में इस दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। श्री फुंग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के सिंगापुर से प्रगाढ़ सम्बंध है। भविष्य में भी ये सकारात्मक रूप से आगे बढ़ते रहेंगे।

## फुंग ने किया जीएसपी सिटी कैंपस के भ्रमण

सिंगापुर के काउंसल जनरल शियोंग मिंग फुंग ने गोविंदपुरा स्थित ग्लोबल स्किल्स पार्क का भी भ्रमण किया। उन्होंने ग्लोबल स्किल्स पार्क में संचालित होने वाले अत्याधुनिक ट्रेड लैब का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों से विभिन्न मशीनों के बारे में जानकारी ली। श्री मिंग ने एडवांस सर्टिफिकेट इन प्रिसिजिन इंजीनियरिंग कोर्स के प्रशिक्षकों से संचालित किए जा रहे 6 मॉड्यूल के विषय में जानकारी भी प्राप्त की। सिंगापुर के काउंसल जनरल शियोंग मिंग फुंग ने भोपाल के नरेला संकरी स्थित निर्माणाधीन ग्लोबल स्किल्स पार्क का निरीक्षण भी किया और कार्य की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# लोक निर्माण विभाग राज्य मंत्री एवं दतिया जिला के प्रभारी मंत्री माननीय श्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा श्यामू ठाकुर के निवास पर के सेवड़ा नगर आगमन पर वरिष्ठ वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व बजे ढोल नगाड़े

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया** आतिशबाजी एवं 51 किलो की माला पहनाकर धूमधाम से दतिया जिला के प्रभारी मंत्री जी का स्वागत से



सम्मान किया एवं प्रभारी मंत्री जी ने श्यामू ठाकुर की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और शीघ्र संकुआ धाम पर आयोजन का आशीर्वाद दिया माननीय मंत्री जी ने जिस में मुख्य रूप से उपस्थित रहे सेवड़ा मंडी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत बंटी भैया त्रिलोक धाकड़ राहुल चौरसिया जॉनी मूर्तिकार सुनील राठौर रामसिया जाटव गोलू बाथम हरि सिंह कुशवाह सुनील गुप्ता बबलू चौरसिया गोपी माली कुश वाथम शिवा चौहान शुभम धाकड़ विक्की किरार, बलराम किरार, महेश राजपूत, राहुल धाकड़।

# हैहयवंशी क्षत्रिय कल्चुरी समाज संगठन अशोक नगर इकाईका सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न.

**अनिल कुशवाह ब्युरो**

**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–अशोकनगर में गत दिवस अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवचरण लाल शिवहरे एवं कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश राय के संयुक्त मार्गदर्शन एवं समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अथक परिश्रम से 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें अशोक नगर जिले के अलावा भी अन्य जिलों से भी समाज के पदाधिकारिगण वर वधुओं को आशीर्वाद एवं गिफ्ट प्रदान करने पहुंचे, इसी तारतम्य में शिवपुरी से भी मानवाधिकार मिशन के जिलाध्यक्ष श्री महेन्द्र राय साहब* भी समिति के विशेष निमंत्रण पर अपने मित्र जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी विपिन शिवहरे के साथ अपने परिवार सहित पहुंचे और सभी जोड़ों को सिलाई मशीनों के साथ साथ अपना आशीर्वाद प्रदान किया। समिति ने कार्यक्रम में उनके साथ साथ वहां पधारे मध्य प्रदेश शासन के *पी एच ई मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव जी*, विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी




,जनपद अध्यक्ष श्री पप्पू यादव , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री नीरज मनोरिया जी के साथ बाहर से पधारे अन्य समाजसेवियों का हार शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन किया. कार्यक्रम में वर वधुओं को समाजसेवियों ने घर गृहस्थी का कूलर फ्रिज सहित पूरा सामान दान कर अक्षय पुन्य प्राप्त किया।

मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में हैहय वंश और यदुवंश के इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि यदुवंशी और हैहयवंशी तो एक ही वृक्ष की शाखाएं हैं हम सब आपस में भाई भाई हैं, उन्होंने आगे कहा की किसी भी समाज में अनावश्यक खर्च करने से बचना चाहिए, ऐसे सामूहिक विवाह सम्मेलनों के आयोजन हर समाज में होते रहना चाहिए और फिजूलखर्ची से हमें बचना चाहिए और अपने बचे हुए धन को समाज के वंचित भाइयों बहनों के उज्जवल भविष्य के लिए उपयोग में लाना चाहिए।

कार्यक्रम की सफलता में तुलसीराम राय उपाध्यक्ष, रामस्वरूप राय सचिव,
कैलाश राय सह सचिव,
मोनू राय कोषाध्यक्ष,
रामनाथ राय सह कोषाध्यक्ष,
अमित राय महामंत्री,
कालूराम राय संगठन मंत्री,
पंकज शिवहरे संगठन मंत्री,
आशीष राय संगठन मंत्री,
कैलाष मनोज राय संगठन मंत्री,
डॉक्टर विशाल राय प्रचार प्रसार मंत्री,
दिनेश राय कार्यालय मंत्री एवं अंकित राय कार्यालय मंत्री की विशेष भूमिका रही ,मंच संचालन डॉ विशाल राय द्वारा किया गया।

# भदौरिया बने युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी

**पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में भाजपा मंडल गोरमी के मंडल मीडिया प्रभारी संतोष भदौरिया कुटरोली को युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह ने जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है



भदोरिया ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया एबम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह एवं संगठन के अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है और विश्वास दिलाया है कि मैं अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी मेहनत एवं लग्न से पार्टी की रीति नीति को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा भदोरिया के जिला मीडिया प्रभारी बनने पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक मुकेश चौधरी ने ग्वालियर स्थित अपने आवास पर मिठाई खिलाकर एवं माला डालकर स्वागत किया एवं पार्टी की रीति नीति का प्रचार प्रसार जन जन तक करने की अपील की।

# एंटी माफिया अभियान के तहत दो स्थानों पर शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण






### मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का बाजार मूल्य लगभग 75 लाख रूपए

ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान के तहत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई । दो स्थानों से लगभग 12500 वर्गफुट शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 75 लाख रूपए है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अनिल बनवारिया के नेतृत्व में ग्राम गु?ा के शासकीय सर्वे नम्बर 871 रकबा 0.188 हैक्टेयर में से 2500 वर्गफुट पर प्रबल प्रताप डोंगरा पुत्र लोकेन्द्र सिंह डोंगरा एवं अर्जुन सिंह डोंगरा पुत्र स्व. लोकेन्द्र सिंह डोंगरा द्वारा मकान एवं गेट लगाकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लिया था, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 34 लाख 85 हजार रूपए है। इसी प्रकार ग्राम गिरवई के सर्वे क्रमांक 1603 रकबा 10000 वर्गफुट पर मनोज शर्मा पुत्र मुन्नालाल शर्मा द्वारा बाउण्ड्रीवॉल एवं भैंसों का तबेला बनाकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे मुक्त कराया गया। मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का बाजार मूल्य लगभग 41 लाख 82 हजार रूपए है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अनिल बनवारिया के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की जो मुहिम चलाई गई उसमें तहसीलदार गिरवई श्रीमती शारदा पाठक, राजस्व निरीक्षक गिरवई एवं नगर निगम के मदाखलत अधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे।

## स्वच्छता के लिए सभी करें सहयोग, आईईसी दल ने घर-घर जाकर किया आग्रह



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने एवं अपने ग्वालियर को स्वच्छ ग्वालियर व सुंदर ग्वालियर के प्रति सहभागिता के लिए निरंतर जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं जिसके तहत निगम के आईईसी टीम के सदस्यों द्वारा शहर भर के विभिन्न वार्डों में गली मोहल्लों में पहुंचकर आमनागरिकों को स्वच्छता के संबंध में जागरुक किया और सूखा व गीला कचरा अपने घर से ही अलग अलग करके देने का आग्रह किया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में ग्वालियर शहर को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज दिनांक 6 मई को आईईसी सर्वे की टीम ने डोर टू डोर जाकर स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूक किया और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बे में डालने की अपील की। इसके साथ ही फीडबैक लिया। निगम की सर्वे टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर स्वच्छता अभियान के बारे मे जागरूक किया और नुक्क? नाटक की टीम के माध्यम से सूखा गीला कचरा व घरेलू हानिकारक और जैविक अपशिष्ट कचरा को नुक्क? नाटक के माध्यम से अलग अलग डिब्बों में डालने की अपील की। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता की जानकारी दी गई। टीम द्वारा आज शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 51, 49, 48 में सर्वे टीम ने कुछ विशेष स्थानों पर सुखा गीला कचरा अलग अलग डालने की अपील की। जैसे कि छतरी बाजार, फ्रूट मंडी, लक्ष्मीगंज रोड, संजय नगर, सिकंदर कंपू, देव नगर, दनाओली, महाराज बा?ा, राय सिंह बाघ, शेख की बगिया, रॉक्सी पुल, गोल पहा?िया, नवग्रह कॉलोनी, खासगी बाजार, छतरी मंडी, लोहा मंडी, माधव नगर, संजय नगर, दौलतगंज, कमलसिंह का बाग, गांधी मार्केट, नया बाजार, इमले की गोठ, मुंशियो का मोहल्ला, मामा का बाजार आदि स्थानों पर सर्वे किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में भी मनाया जा रहा है लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**मुख्य कार्यक्रम 8 मई को**

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में भी लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जा रहा है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव÷ के तहत मुख्य कार्यक्रम 8 मई को आयोजित होंगे। इस दिन ग्वालियर शहर में 50 से अधिक स्थानों पर लाड़ली लक्ष्मियों पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे। साथ ही जिले की हर ग्राम पंचायत, नगर पालिका व नगर परिषद में भी कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिले का मुख्य कार्यक्रम बाल भवन में सायंकाल 5 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग पत्र लिखकर 8 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास श्री राजीव सिंह ने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत 8 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, लाड़ली लक्ष्मी एवं उनके परिजन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि जिले के मुख्य कार्यक्रम स्थल बाल भवन परिसर में सायंकाल 4 बजे से लाड़ली फेस्ट का आयोजन भी किया जायेगा। जिसमें सांस्कृतिक एवं ललित कलाओं से संबंधित गतिविधियां होंगीं। इस दिन भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी इंटरनेट के जरिए इन कार्यक्रमों में होगा।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दिए निर्देश, मृत श्रमिक को मिलेगी 9 लाख की मदद

ग्वालियर। मुरैना जिले के ग्राम खड़ियार के पास करंट लगने से 28 वर्षीय अकुशल श्रमिक श्री मातादीन सिंह तोमर पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम उमरैया की 5 मई को मृत्यु हो गई थी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी मिलते ही निर्देश दिये कि विद्युत वितरण कंपनी की ओर से 4 लाख रूपये और सेवा प्रदाता कंपनी की ओर से बीमा राशि 5 लाख रूपये का भुगतान मृतक के परिजन को जल्द से जल्द कराया जाए। साथ ही मृतक की पत्नी श्रीमती रूचि तोमर को बाह्य स्त्रोत कर्मचारी सेवा प्रदाता कंपनी में उनकी योग्यता अनुसार अकुशल अथवा कुशल श्रमिक के रूप में कार्य दिलाने के लिये भी उन्होंने कहा है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा

**सह-विषय में स्नातकोत्तर उपाधि वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 11 व 12 मई को**

ग्वालियर। शिक्षक पात्रता परीक्षा में सह-विषय में स्नातकोत्तर उपाधि की पात्रता वाले अभ्यर्थियों का लोक शिक्षण संचालनालय के परिपत्र के अनुसार 11 मई और 12 मई 2022 को दस्तावेज सत्यापन किया जायेगा। सह-विषय में स्नातकोत्तर उपाधि अर्जित करने वाले उच्च माध्यमिक शिक्षक की प्राविधिक चयन सूची और प्रतीक्षा सूची में सम्मलित अभ्यर्थियों की सूची एज्यूकेशन पोर्टल और एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड की गई है। आयुक्त लोक शिक्षण के अनुसार अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन केन्द्र शा. सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय शिवाजी नगर भोपाल रखा गया है। सूची में अंकित अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेजों एवं दो स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि और समय पर दस्तावेज सत्यापन केन्द्र पर उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराएंगे।

### केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार का लाभ अपेक्षित वर्ग तक पहुंचे इस हेतु त्रिदेव रूपी कार्यकर्ताओं को प्रयास करना चाहिएः माखीजानी

ग्वालियर। केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार का लाभ अपेक्षित वर्ग तक पहुंचे इस हेतु त्रिदेव रूपी कार्यकर्ताओं को प्रयास करना चाहिए। सरकार और जनता के बीच सेतु का काम इन त्रिदेव कार्यकर्ताओं को करना होगा तभी प्रत्येक मतदान केंद्र पर 51 प्रतिशत से अधिक मत मिलना सुनिश्चित हो सकेगा। उक्त उद्गार जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने शुक्रवार को नई स?क स्थित शूजाबाद भवन में आयोजित स्वामी विवेकानंद मंडल में त्रिदेव प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। श्री माखीजानी ने कहा कि हम सब कुशाभाऊ ठाकरे जी का जन्म शताब्दी वर्ष मना रहे हैं जिसके अंतर्गत कार्यक्रम की लंबी-लंबी श्रृंखला है। ठाकरे जी चाहते थे कि पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत हो, यह बूथ विस्तारक योजना उसी के तहत है। एक ऐसा समय था जब ग्वालियर में एक ही मंडल था। आज ग्वालियर में 9 मंडल है पहले इन मंडलों में अध्यक्ष, महामंत्री के अलावा अन्य पदाधिकारी भी नहीं बना पाते थे जबकि आज संगठन का विस्तार जिला, मंडल, बूथ से लेकर पन्ना समिति तक है, उस समय लोग नहीं मिलते थे, केवल सूचियों पर ही काम होता था। इस व्यवस्था को ठीक करने के लिए मध्य प्रदेश में कार्यकर्ताओं के डिजिटल पंजीयन योजना बनाई गई जिसके तहत कार्यकर्ताओं को मैसेज के माध्यम से ओटीपी मिलता है जिससे कि उसका भौतिक सत्यापन होता है। जैसे दुनिया को चलाने के लिए ब्रह्मा, विष्णु, महेश है उसी तरह पार्टी संगठन में त्रिदेव है, हर बूथ पर एक अध्यक्ष एक महामंत्री एवं बीएलओ को बनाया गया। इसके लिए पूरे प्रदेश में 21000 कार्यकर्ताओं ने 10 घंटे 10 दिन तक दिए।

# बीएसएफ अकादमी टेकनपुर में राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत आयोजित






### 85 पेंशनर्स ने की सहभागिता

ग्वालियर। भारत सरकार के ग्रह मंत्रालय के निर्देशों के पालन में शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में राष्ट्रव्यापी पेंशनर्स अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रव्यापी पेंशनर्स अदालत में चार राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के 83 पेंशनर्स स्वयं उपस्थिति हुए और 2 पेंशनर्स ऑनलाईन जु?। इस प्रकार कुल 85 पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स शामिल हुए।पेंशनर्स अदल का शुभारंभ सीमा सुरक्षा बल अकादमी के निदेशक श्री पंकज घूमर द्वारा किया गया।

पेंशनर्स अदालत में बल मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, वेतन एवं लेखा विभाग नई दिल्ली के वरिष्ठ लेखा अधिकारी एवं लेखा अधिकारीयो और भारतीय स्टैट बैक टेकनपुर के प्रतिनिधियों द्वारा 73 पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही अन्य बचे हुए पेंशनर्स की समस्या के समाधान के लिए आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेजों को पेंशन अदालत के दौरान उपस्थित पी.ए.डी. प्रतिनिधियों एवं संबंधित मुख्यालय एवं वाहिनियों को अतिशीघ्र अग्रिम कार्यवाही के लिए सुपूर्द किया गया।

इसके अलावा नोडल अधिकारी सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर के मोबाईल फोन के माध्यम से प्राप्त हुए 60 प्रार्थना पत्रो को भी राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत के दौरान पीएडी प्रतिनिधियों को अग्रिम कार्यवाही के लिए सुपुर्द कर दिया गया। इन सभी सेवानिवृत कार्मिकों को पीएडी मुख्यालय से जबाव प्राप्त होते ही सूचित किया जाएगा।

पेंशन अदालत के सफल आयोजन के लिए कॉनफैडरेसन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जयेंद्र सिंह राणा ने महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल व निदेशक सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर को कॉनफैडरेसन की ओर से धन्यवाद दिया।साथ ही उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह की पैंशन अदालतों का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन की तरफ से जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह यादव व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### उपायुक्त के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 18 कर्मचारी

ग्वालियर। उपायुक्त स्वास्थ्य श्री डा अतिबल सिंह यादव द्वारा वार्ड क्र 25 एवं 64 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 18 कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिनका एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कई स्थानों पर गंदगी मिली जिसपर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान निम्न कर्मचारी अनुपस्थिति पाये गये। निरीक्षण के दौरान 9 आउटसोर्स कर्मचारी, श्री राहुल पुत्र अरविंद, श्रीमती हेमलता पत्नी नरेश, श्री अनूप पुत्र सज्जन, श्री सतीश पुत्र मुरारीलाल, श्री छोटू पुत्र रामनाथ, श्रीमती नेहा पत्नी अरविंद, श्री अभिषेक पुष्पेन्द्र, श्री यश पुत्र विष्णु, श्री रिशभ पुत्र विजय, 5 विनियिमित कर्मचारी श्री सनी, श्री सुनील, श्री अन्नू, श्री अनिल एवं श्रभ् हरिओम एवं श्री जापान दो माह से, श्री भीकम, तथा वार्ड 64 में श्री भूरे व विनियमित श्री लक्ष्मण अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश के साथ अन्य निर्देश भी दिए गए। कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करे। कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड में रह कर कोविड गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करें। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की प्रति दिवस सफाई की जाये। गंदगी एवं कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना अधिरोपित कर कार्यवाही करें।

# कार्यक्रम-पंचकल्याण महोत्सव के दूसरे दिन याग विधान पूजन हुआ



### बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे तो गलत मार्ग पर नहीं जाएंगेः मुनिश्री

### रात्रि में भगवान आदीनाथ की माता मरूदेवी को 16 सपने देखे

दतिया/ग्वालियर। धर्म दया से विशुद्ध होता है, हमारे मन में करुणा भाव नहीं तो हमें विशुद्धि कि कभी भी प्राप्ति नहीं होगी। जैन दर्शन को देखोगे तो यहां महान दर्शन है। हमारे क्रियाकलापों से बच्चे संस्कारित होवे, वह धर्म की तरफ अभिमुख हो। ऐसे हमें कार्य करना होंगे। यह विचार मुनिश्री विज्ञसागर महाराज ने पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मंच पर चर्तुविद ससंघ मौजूद था। मुनिश्री विनय सागर महाराज के परम भक्त सचिन जैन उधोगपति गुड़गांव को भारत गौरव रत्न की उपाधि से नवाज गया।

मुनिश्री ने कहा कि हम अपनी आगामी पीढ़ी को क्या देकर जा रहे हैं। आज मंदिरों में युवा वर्ग का अभाव है। ऐसा नहीं है कि युवा वर्ग व बच्चे नहीं है। जो दर्शन के संस्कार बच्चों को देंगे तो बच्चे कभी .गलत मार्ग पर नहीं जाएंगे। प्रभु के दर्शन से स्वर्ग की प्राप्ति, मोक्ष की प्राप्ति होती है। समाधि का नाम मोक्ष पुरुषार्थ है। माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु हैं।मुनिश्री ने कहा कि संस्कार आज नहीं कल पल्लवित होंगे। बिना मोबाइल के आजकल बच्चे भोजन नहीं करते हैं, तो इन बच्चों को मोबाइल किसने दिया है। जब माता-पिता ही दिन भर मोबाइल चलाएंगे, तो बच्चे कहां पीछे रहने वाले हैं। प्रवचन से पहले मंगल चरण क्षुल्लिक श्री भक्तिभूषण मताजी व पूजाभूषण माताजी ने किया। आचार्यश्री के चित्र का आवरण व दीप प्रज्वलित चंचल राजीव कुमार जैन आगरा एवं मुनिश्री को शास्त्र भेंट राहुल रितिका जैन आगरा व मुन्नीदेवी सीमा सुशील जैन मुरैना परिवार ने करें।

### इंद्रो ने जिनेंद्र का कलशों से अभिषेक व शांतिधारा की

आयोजन के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि पंच कल्याणक महोत्सव में इंदो ने पीले वस्त्रों को धारण कर भगवान जिनेंद्र का कलशों से अभिषेक किया। मुनिश्री विनय सागर महाराज ने अपने मुखबिंद से शांतिधारकराई। अभिषेक के उपरांत संगीतकर विक्की पार्टी ने भजनों पर भक्ति के साथ इंद्रा व इंद्राणियो ने दीपको से आरती उतारी।

### इंद्रा-इंदाणियों ने यागमंडल आराधना पूजन ने अर्घ्य समर्पित करें

पंचकल्याण महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य पंडित सुरेंद्र कुमार जैन उदयपुर, सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित विजय कुमार शास्त्री आगरा, एवं बह्मचारी प्रदीप पीयूष भैय्या जबलपुर ने मंत्रो के साथ सौधर्म इंद्रा आकाश दीप्ति जैन याग मंडप पर कलश स्थापना की। याग विधान में सौधर्म इंद्रा आकाश दीप्ति जैन, कुबेर दीपक निशा जैन, यज्ञनायक मनीष मीना जैन, महायज्ञ नायक राजेन्द्र मीना जैन, ईशान इंद्रा राहुल रितिका जैन, अआदि में भक्तिभाव के साथ भगवान जिनेंद्र को अर्घ्य समपित किए।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478